इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26


# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**षष्ठम नवरात्र देवी माँ कात्यायनी**



**आज डॉ. अम्बेडकर जयंती**



वर्ष- 43 | अंक -148 | राजनांदगांव, रविवार 14 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## बस्तर में भाजपा पर जमकर बरसे राहुल गांधी, कहा- 70 करोड़ लोगों के पास जितना धन, उतना हिंदुस्तान के 22 लोगों की संपत्ति

बस्तर (दावा)। छत्तीसगढ़ में आम चुनाव का सियासी घमासान तेज होता जा रहा है। शनिवार को बस्तर में चुनावी रैली करने पहुंचे राहुल गांधी ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए जमकर हमला बोला। सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने पीएम मोदी की सरकार पर जमकर आरोप लगाए। उन्होने कहा कि हिंदुस्तान में 22 लोग हैं जिनके पास उतना ही धन है, जितना 70 करोड़ हिंदुस्तानी लोगों के पास है। पीएम मोदी 24 घंटा इन 22-25 लोगों की मदद करते रहते हैं। बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने दावा किया कि हमारी सरकारी आई, तो महालक्ष्मी योजना शुरू की जाएगी। हर गरीब परिवार से हम एक महिला को चुनकर उनके खाते में सालाना एक लाख रूपये डालेंगे।

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बस्तर लोकसभा सीट पर चुनाव होने है। ऐसे में बस्तर लोकसभा सीट पर अपनी प्रत्याशी की जीत के लिए बीजेपी और कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता और स्टार प्रचारक लगातार चुनावी रैली कर रहे है। शनिवार को जहां केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दंतेवाड़ा के गीदम में बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करते हुए चुनावी रैली की। वहीं बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कवासी लखमा के पक्ष में चुनावी रैली की। बस्तर में आयोजित कांग्रेस की चुनावी रैली में सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम मोदी की सरकार पर जमकर आरोप लगाए। साथ ही कांग्रेस की सरकार बनने पर जनता के लिए कांग्रेस के वादों को याद दिलाया। उन्होंने अपने भाषण में कहा लाखों लोग कोरोना के कारण मरे। हर प्रदेश से गरीब लोग घर वापस लौटे। लेकिन दिल्ली में केंद्र की सरकार ने किसी की भी कोई मदद नहीं की।



महिला और युवाओं के अधिकार पर किया फोकस

पूरा का पूरा फायदा 2-3 अरबपतियों को दे देते हैं। राहुल गांधी ने तंज बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि हिंदुस्तान में 22 लोग हैं जिनके पास उतना ही धन है, जितना देश के 70 करोड़ हिंदुस्तानी *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## 'नूब' के जरिये पीएम मोदी का विपक्ष पर तंज, बोले- रैली में करेंगे इस शब्द का उपयोग तो...

नई दिल्ली। बहुत संभव है कि राजनीतिक रैलियों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कभी न कभी अंग्रेजी के एक ऐसे शब्द नूब (नौसिखिया, कमजोर खिलाड़ी) का इस्तेमाल करें जो सामान्यतया कंप्यूटर गेमिंग में खिलाड़ी करते हैं। देश के चुनिंदा सात गेमरों के साथ मुलाकात में पीएम ने चुटकी लेते हुए कहा- मैं अगर रैली में इस शब्द का इस्तेमाल करूं, तो आप समझ जाएंगे कि किसके लिए कह रहा हूं। प्रतिक्रिया में गेमर ठठाकर हंसते हुए दिखे।



### प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर कसा तंज

वहीं, इसी दौरान चर्चा में जब बातचीत के लिए शार्ट शब्द की बात आई तो प्रधानमंत्री ने बताया कि उनकी सरकार कामकाज के दौरान जब पी2जी2 शब्द इस्तेमाल करती है तो उसका अर्थ होता है- प्रो पीपल, गुड गवर्नेंस। गेमर ने बताया कि वह नूब शब्द का इस्तेमाल तब करते हैं, जब सामने वाला खिलाड़ी अच्छा न खेल पा रहा हो। इसी पर प्रधानमंत्री ने तंज किया और कहा कि रैली में वह इस शब्द का इस्तेमाल करेंगे तो आप समझ जाएंगे।

### समस्याओं को दूर करने पर सरकार का ध्यान: मोदी

पीएम ने कहा कि युवाओं को इसकी लत नहीं लगनी चाहिए। यह बात वह 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान भी कह चुके हैं, लेकिन यह उभरता हुआ क्षेत्र है। वह चाहते हैं कि भारतीय युवा संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए ऊंचाइयों को छुएं। उन्होंने यह भरोसा भी दिया कि उनकी सरकार यह देखेगी कि इस उद्योग की समस्याओं को कैसे दूर किया जा सकता है। मोदी ने कहा कि *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## राजकोट में बैलेट पेपर पर आने क्षत्राणियां भरेगी 384 फार्म

राजकोट (गु.स.)। सौराष्ट्र की लोकसभा की 7 बैठकों पर गत दिन जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा चुनावी नोटिस जारी की गई थी और उसी के साथ प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। सभी की नजर राजकोट में भाजपा के उम्मीदवार पुरूषोत्तम रूपाला 16 अप्रैल को अपना उम्मीदवारी पत्र पेश करने वाले हैं। उनके विरोध में क्षत्रिय महिलाओं ने कीर्तिमान 100 फार्म लिए थे। महिलाओं ने 384 उम्मीदवारों को शामिल किया जा सकता है। उधर, क्षत्रिय महिलाओं ने कहा कि रूपाला का नाम रद्द नहीं होगा तो हम फार्म भरेंगे।

इस दौरान, राजकोट में एक दिन में 150 से अधिक फार्म महिलाओं ने लिए हैं। दूसरी ओर, जामनगर लोकसभा बैठक के लिए आज 57 फार्म्स जारी किए गए थे। जामनगर बैठक पर से पूनम माडम ता. 18 को फार्म भरेगी। अमरेली में भी प्रथम दिन भाजपा, कांग्रेस मिलकर 25 फार्म्स उठाए हैं। भाजपा-कांग्रेस ने अपने दो-दो प्रत्याशियों के लिए कुल 16 फार्म्स उठाए थे। पूरे सौराष्ट्र में निर्दलियों और अन्य दलों ने भी चुनाव में विशेष रूचि दिखाई है। कल तक किसी ने भी नामांकन दाखिल नहीं किया था।

उल्लेखनीय है कि 19 अप्रैल नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख है। दूसरे दिन 20 अप्रैल फार्मों का परीक्षण होगा। 23 अप्रैल नामांकन वापस लेने की तारीख है। उसी दिन ज्ञात होगा कि किन-किन के बीच मुकाबला होगा? 7 मई को प्रातः 7 बजे से संध्या 6 बजे तक मतदान होगा।

## बीजेपी आज जारी करेगी संकल्प पत्र, पीएम मोदी रहेंगे मौजूद

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी 14 अप्रैल (रविवार) को अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। बीजेपी ने इसे 'संकल्प पत्र' नाम दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में इसे तैयार किया गया है।



आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी अपना घोषणापत्र जारी कर चुकी है। इसमें कई वादे किए गए हैं। बीजेपी ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो पर जमकर हमला बोला और इसे मुस्लिम लीग की सोच से प्रेरित घोषणापत्र बताया। अब खबर आ रही है कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी 14 अप्रैल (रविवार ) को सुबह 8.30 बजे अपना घोषणापत्र जारी करेगी। पार्टी ने इसका नाम संकल्प पत्र दिया है। इस संकल्प पत्र को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में तैयार किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को समिति का संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया था। दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी चीफ जेपी नड्डा और राजनाथ सिंह मौजूद रहेंगे।

### समिति में 27 नेता थे शामिल

इस समिति में 27 नेताओं को शामिल किया गया था। इनमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अर्जुन राम मेघवाल, किरेन रिजिजू, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय, मध्यप्रदेश के सीएम मोहन *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

## कांग्रेस की नई सूची में 16 नाम; मंडी से कंगना के खिलाफ विक्रमादित्य को टिकट

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 और उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। सूची में चंडीगढ़ लोकसभा सीट के अलावा, गुजरात की चार, हिमाचल प्रदेश की दो और ओडिशा की नौ लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों का एलान किया गया है। इसके साथ ही पार्टी ने गुजरात की पांच विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों का एलान कर दिया है।




सूची में पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। यहां पिछली बार पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल को टिकट दिया गया था। हालांकि, उन्हें भाजपा उम्मीदवार किरण खेर के हाथों 49 हजार से ज्यादा वोटों से हार का सामना करना पड़ा था।

कांग्रेस प्रत्याशी मनीष तिवारी ने चंडीगढ़ से पढ़ाई की है। बाद में वह दिल्ली आ गए थे। उनका मुकाबला भाजपा उम्मीदवार *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*



# पंचमी पर मातारानी का सजा दरबार

## मांदर-ढोलक की थाप के बीच जसगीत गान से दैवीय आवेग का आना प्रारंभ



राजनांदगांव (दावा)। चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि मां स्कंद माता की पूजन के साथ पंचमी का पर्व धूमधाम के साथ मनायी गई। इस दौरान भक्तों द्वारा नख से लेकर शिख तक मातारानी का श्रृंगार किया गया। जिससे लकदक करती मातारानी मानो जीवंत हो उठी जिसे देख का भक्तजन विमोहित हो उठे व माता रानी की जयकारा लगाते हुए धन्यता का अनुभव किया। बता दे कि नवरात्रि की पंचमी तिथि को मातारानी दुर्गा भवानी अंबे-जगंदम्बे का सोलहो श्रृंगार किया जाता है। जिसमें मां दुर्गा का सौन्दर्य द्विगुणित हो उठता है। इस तिथि को भक्त जनों के अपनी श्रद्धानुसार, रत्नजड़ित जरी वाली साड़ी से लेकर चूड़ी, फूंदरी, ककनी, बनोरिया, बाजूबंद, कमरबंद, कान में कर्णफूल, नाक में नथली, माथे पर जगमगे टीका और अन्य आभूषणों की चढ़ावा से मातारानी का स्वरूप भव्य एवं दिव्य नजर आता है। जिसे देखकर भक्तजन अभिभूत हुए बिना नहीं रहते।

### भक्तों में दैवीय आवेग

मान्यता है कि पंचमी के दिन से ही जसगीत गान क चढ़ते-उतरते लय-ताल के बीच भक्तों में दैवीय आवेग आने का प्रभाव शुरू हो जाता है जबकि इसके पूर्व के चार दिनों तक ऐसी कोई परिस्थिति नहीं बनती। इसे माता रानी के चमत्कार व प्रभाव से जोड़ कर देखा जाता है। पंचमी के दिन ही माता की ज्योत-जंवारा वाले बंगिया में हल्दी पानी (सोन पानी) का सिंचन किया जाता है जिससे मातारानी की बगिया लहला उठती है। जहां तीन रंग के ध्वजा व नींबू चन्दन बन्दन चढ़ा कर पूजा किया जाता है। इस चढ़ावे के साथ ही जब मांदर ढोलक की थाप के साथ जसगीत का गान होता है। तो भक्तजनों में अनायास रूप से दैवीय आवेग आना शुरू हो जाता है जिसे देवता चढ़ना कहा जाता है। महिलाएं सिर का बाल खोलकर झूमने-नाचने लग जाती है। वही पुरूष जन उढ़ैया चढ़कर नाचने लग जाता है। इस दौरान भक्तों का उत्साह द्विगुणित हो उठता है और उनके मुख से मातारानी की जयकारा गंज उठती है।

### मंदिरों में जगमग हुई ज्योति

नवरात्रि पंचमी के दिन मंदिरों में भक्तजनों द्वारा स्थापित किए गए मनोकामना ज्योति कलश की ज्योति का प्रकाश एकाएक बढ़ सा जाता है। जिसका दर्शन दर्शन करने के लिए भक्तजनों की भीड़ लगती है। बता दे कि शहर की अधिष्ठात्री देवी मां शीतला में लगभग 1450 की संख्या में ज्योति प्रज्जवन किया गया है। इसी तरह पाताल भैरवी में 1700 के करीब है। शहर की प्राचीन सिद्ध पीठ काली माई मंदिर भरका पारा में 532 व नजदीक की महामाई मंदिर में भक्तों द्वारा 97 की संख्या में आस्था की ज्योति जलाई गई है। जिले की डोंगरगढ़ पहाडों वाली माता बम्लेश्वरी मंदिर में भक्तों द्वारा 9 हजार से अधिक ज्योति कलश की स्थापना की गई है। जिसमें नीचे व उपर मंदिर में देश व विदेश के भक्तों द्वारा प्रज्जवलित किए गए आस्था की ज्योति में पंचमी के दिन दैदीप्यमान प्रकाशन की छटा बिखरती रही। इन मंदिरों में प्रज्जवलित ज्योति कलश के साथ-साथ बोए गए जंवारा में पंचमी को हल्दी पानी के सिंचन के साथ लाल काला व श्वेत ध्वजा चढ़ाकर नींबू, चन्दन, वंदन के साथ नारियल अर्पण कर मातारानी की पूजा आराधना की गई।

### भक्तों की उमड़ी भीड़

शहर के उपरोक्त देवी मंदिरों सहित निकटस्थ ग्राम सिंघोला में मां भानेश्वरी भंडारपुर करेला की मां भवानी, अंबागढ़ चौकी की माता दंतेश्वरी व देश फिरंतीन नाता सहित शहर के मांड़ी माता मंदिर चरण पादुका मंदिर, किला पारा व लालबाग सहित अनुपम नगर की दुर्गा माता मंदिर चौखड़िया पारा की दुर्गा वैष्णवी मंदिर, नंदई, कौरिनभाठा की फिरतीन माता मंदिर सहित लखोली नाका की चण्डी मंदिर सुकुल दैहान, बम्हनी की मां चण्डी मंदिर में देवी माताओं के पंचमी श्रृंगार से उनका स्वरूप दैदीप्यमान रहा जिसके दर्शन के लिए भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस दौरान जसगान की भी धूम बनी रही। ज्ञात हो कि चैत्र नवरात्रि पर्व पर अंचल के इन देवी मंदिरों सहित डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वर के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्तों का आगमन बना हुआ है। माता के जयकारों के बीच पूजा-अर्चना का कार्य जारी है।

# लोगों से बहुत बड़ा झूठ बोला है भूपेश बघेल ने - अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने अंजोरा ग्राम में जो राजनांदगांव विधानसभा का क्षेत्र है, वहां पर लोगों से बहुत बड़ा झूठ बोला है। भूपेश बघेल ने कहा कि महतारी वंदन योजना में जो 1000 भाजपा सरकार दे रही है, उसके बदले में राशन कार्ड में मिलने वाले 35 किलो अनाज में कटौती कर दी है और अब सिर्फ 5 किलो चांवल लोगों को मिलेगा। ज्ञात हो कि राशन दुकानों में इस बार 2 महीने का एक मुस्त 70 किलो अनाज राशन कार्डधारी को मिल रहा है।

अशोक चौधरी ने यह भी कहा कि कोरोना काल में जो 5 किलो अतिरिक्त राशन मोदी जी ने घोषणा की थी वह भूपेश बघेल के सरकार ने जनता को उपलब्ध नहीं कराया और उसे राशन को पूरा घोटाला किया जिसके 500 करोड़ के घोटाले का आरोप भूपेश सरकार पर लगा है ज्ञात हो कि विगत दिनों खाद्य मंत्री अमरजीत सिंह भगत के यहां छापा पड़ा था वहां पर अवैध धनराशि प्राप्त हुई थी और बहुत से जमीन के कागज जो अनाज घोटाले की रकम है उससे खरीद की गई है। भूपेश बघेल तो गोबर घोटाले का भी दोषी है इन्होंने विधानसभा में कहा था की 230 करोड़ का गोबर वर्षा ऋतु में बह गया भूपेश बघेल के किसी भी बात का विश्वास नहीं करना चाहिए आज तक के जितने भी मुख्यमंत्री हुए हैं उसमें सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाला व्यक्ति पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ही है राजनांदगांव की जनता ऐसे झूठे बातों पर यकीन नहीं करती है भूपेश बघेल को लोकसभा चुनाव में पराजय का मुंह देखना पड़ेगा।

# कोतवाली पुलिस ने एक को आबकारी व दूसरे आरोपी को जुआं एक्ट के तहत किया गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में दबिश देकर कर अवैध शराब बेचने वाले व जुंए का खेल खिलाने वाले आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने उनके पास से 19 पौवा अंग्रेजी शराब व बिक्री की रकम 310 रुपए व जुंए के 3 नग सट्टा पट्टी सहित नगदी रकम 1710 रूपये जप्त किया गया है। आरोपियों के नाम कमलेश सिन्हा पिता केशव राम सिन्हा (27 साल) निवासी ग्राम खैरझिटी थाना घुमका व दूसरे का नाम गणेश साहू पिता स्व. रूमलाल साहू (30 साल) निवासी नया पारा वार्ड नं0 34 कन्हारपुरी बताया जाता है।

इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू ने बताया कि जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में निर्देश पर तथा उनके नेतृत्व मे आगामी लोकसभा चुनाव के मददेनजर चुनाव प्रक्रिया निर्विघ्न, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री एवं जुआ सट्टा के खिलाफ लगातार धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शनिवार 13 अप्रैल को मुखबीर की सूचना पर आरोपियों की घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जिसमें घटना स्थल हाट बाजार सुलभ काम्प्लेक्स के पास में आरोपी कमलेश सिन्हा के कब्जे से 19 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब मात्रा 3.420 बल्क लीटर कीमती 2470 रूपये एवं बिक्री रकम 310 रूपये जुमला 2780 रूपये जप्त किया गया।

वहीं कन्हारपुरी के घटना स्थल सफरअली दुकान के पास तिरंगा चौक के पास आरोपी गणेश साहू को सट्टा-पट्टी लिखते पाये जाने पर उसके कब्जे से 03 नग सट्टा-पट्टी व एक डाटपेन एवं नगदी रकम 1710 रूपये जप्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध सबूत पाये जाने से एक आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) एवं दूसरा आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआं (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्यवाही किया गया।

# भूपेश के राशन कटौती के बयान पर भाजपा नेताओं ने किया पलटवार

## कांग्रेस ने जूट उद्योग की जगह झूठ उद्योग खोल दिया

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज भूपेश बघेल द्वारा दिए गए बयान कि भाजपा ने गरीबों के राशन में कटौती की है, पर पलटवार करते हुए कहा कि भूपेश एवं कांग्रेस के पास अब चुनाव के लिए कोई मुद्दा नहीं बचा है इसलिए वह अनर्गल भ्रम फैला कर झूठ बोलकर जनता को बरगला रहे हैं।

भरत वर्मा ने कहा कि ने कहा कि पहले भूपेश बघेल यह बताएं कि केंद्र के कोटे से मिलने वाले चावल को लॉकडाउन के दौरान बंद कर उन्होंने गरीबों का शोषण क्यों किया 7 किलो और 5 किलो की बातें करने वाले भूपेश बघेल ने जिस समय गरीबों को राशन की जरूरत थी। लॉकडाउन लगा हुआ था उसे समय पोर्टल ही बंद कर दिया और केंद्र सरकार द्वारा गरीबों को दिया जाने वाला निःशुल्क चांवल को आज दिनांक तक गायब है, इस तरह से 460 करोड़ का चावल घोटाला द्वारा भूपेश सरकार ने किया था। भरत वर्मा ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने लगातार कोरोना काल से पहले ही 80 करोड़ परिवारों को निःशुल्क अनाज की व्यवस्था की थी, परंतु प्रदेश की निकम्मी भ्रष्टाचारी भूपेश सरकार ने उस राशन पर भी कटौती कर दी, आज ऐसे प्रत्याशी को कुछ बोलने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए और साक्ष प्रमाण के विपरीत जाकर जनता के बीच में झूठ बोलना बंद करना चाहिए।

किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि नक्सलियों द्वारा झीरम घाटी में घटित घटना का जेब में सबूत रखने की बात इसी भूपेश बघेल ने की थी, परंतु 5 वर्षों तक सत्ता में रहे कुछ नहीं किया, घटना में शहीद कांग्रेसी परिवारों की स्थिति एवं दर्द को जनता समझती है, परंतु भूपेश बघेल ने इस पर भी राजनीति की है। प्रथम लाइन के बड़े नेताओं के जीराम घाटी में शहीद होने के बाद ही मुख्यमंत्री के रूप में भूपेश बघेल का नाम उभरा था और कवासी लखमा से उनकी मित्रता जग जाहिर है इसलिए स्थिति और परिस्थितियां यह संकेत कर रही हैं कि कुछ गड़बड़ है। जिसकी जांच केंद्रीय एजेंसियां कर रही थी परंतु भूपेश ने उसे अपने हाथों में ले लिया परंतु जांच को घुमा घुमा कर लोगों को सच्चाई से वंचित रखा। श्री राजपूत ने कहा कि पहले भूपेश बघेल अपने जेब में रखे हुए सबूत को सार्वजनिक करें फिर कोई बात करें।

उन्होंने कहा कि बीएनसी मिल बंद करने में तात्कालिक कांग्रेस सरकार का हाथ था, इसके प्रमाण उनके पास है, इसके बावजूद जब राहुल गांधी राजनांदगांव आए उन्होंने सार्वजनिक घोषणा की थी कि बीएनसी मिल या जुट उद्योग शुरू किया जाएगा, भूपेश बघेल ने 5 वर्षों तक राजनांदगांव की सुध क्यों नहीं ली? यहां के उद्योग एवं बड़े कार्यालय को दुर्ग शिफ्ट क्यों किया गया, स्थानीय नेताओं एवं राजनांदगांव के आम नागरिकों को मुख्यमंत्री से मिलने तक नहीं दिया गया, इस बात का जवाब भूपेश बघेल दे, तभी राजनांदगांव की जनता उसे माफ करेगी। राजपूत ने कहा कि राहुल गांधी एवं भूपेश बघेल ने राजनांदगांव में जूट उद्योग खोलने की बात की थी परंतु आज उन्होंने सिद्ध कर दिया कि उन्होंने झूठ बोलने का उद्योग खोला है, इसलिए वह लगातार हर मंच से झूठ पर झूठ बोले जा रहे हैं। पूर्व सांसद श्री यादव ने कहा कि राजनांदगांव संस्कारधानी है, और यहां गांव-गांव के लोग समझदार हैं, सभी बातों को भलीभांति जानते हैं आने वाले 4 जून को दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा और छत्तीसगढ़ की 11 की 11 सीटों पर कमल खिलेगा।

# डॉक्टर के राज में अस्पताल बीमार

## भाजपा सरकार और सांसद संतोष पांडे की निष्क्रियता के कारण डॉक्टर इस्तीफ़ा दे रहे, मेडिकल कॉलेज में 4 महीने में 5 डाक्टरों ने दिया इस्तीफ़ा

राजनांदगाँव (दावा)। आईटी सेल के राजनांदगाँव लोकसभा अध्यक्ष शुभम शुक्ला ने डाक्टरों के इस्तीफ़े पर कहा की भाजपा के 4 महीने की सरकार में मेडिकल कॉलेज अस्पताल का हाल बेहाल हो चुका है अस्पताल की व्यवस्था वेंटिलेटर पर पहुँच चुकी है, 5 स्पेशलिस्ट डाक्टरों ने इस्तीफ़ा दे दिया है।

राजनांदगाँव का मेडिकल में आस-पास के 4-5 जिलों के लोग ईलाज करवाने आते है मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इलाज करवाने दूर-दूर से लोग आते है ऐसे में डाक्टरों का इस्तीफ़ा से स्वस्थ सुविधाओं को गहरा प्रभाव पड़ेगा और राजनांदगाँव के लोगों को अच्छे इलाज के लिए रायपुर और नागपुर और अन्य प्रदेश जाना पड़ेगा।



शुभम् शुक्ला ने बताया कि मेडिकल कॉलेज की एक मात्र नेत्र सर्जन प्रोफेसर एचओडी डॉ. शौम्या डुलानी के साथ डॉ. राजेश डुलानी आर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ सर्जन डिपामेन्ट के एचओडी सर्जरी विभाग के सर्जन डॉ. रूपनारायण साहू अस्पताल के एक मात्र कैंसर रोग विषेयज्ञ डॉ. चैतन्य साहू एवं प्रसूति विभाग की महिला डॉक्टर ने त्याग पत्र दे दिया है। डॉक्टरों की त्याग पत्र से राजनांदगाँव के मेडिकल कॉलेज के पीजी की मान्यता खतरे में पड़ गई है। डॉक्टरों के त्यागपत्र देने से एक प्रकार से मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल अपंगू सा हो गया है।

शुभम् शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद डाक्टरों की इस्तीफ़े की झड़ी लग गई है, कहीं ये ना हो कि आने वाले समय में मेडिकल कॉलेज के सभी डॉक्टर एक बाद एक मेडिकल कॉलेज से विदा हो जाये और मेडिकल कॉलेज बंद हो जाये। भाजपा नेताओं ने चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे किए थे जो आज तक पूर्ण नहीं हुआ है। पूर्व में कांग्रेस सरकार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सीटी स्कैन मशीन एमआरआई के लिए राशि स्वीकृत की गई थी जो पाँच महीने के भाजपा सरकार के बाद भी मेडिकल कॉलेज में नहीं लगी है। महीने भर पूर्व जूनियर बांडेड डॉक्टरों की पोस्टिंग हुई पूरे प्रदेश को तो डॉक्टर मिला लेकिन सांसद संतोष पांडे के निष्क्रियता के कारण राजनांदगाँव के मेडिकल कॉलेज को एक भी डॉक्टर नहीं मिला। भाजपा ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल की समस्या को लेकर विधानसभा चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए लेकिन चुनाव के बाद भाजपा नेता ग़ायब हो गये है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में डबल इंजन की सरकार है जो मेडिकल कॉलेज के हानिकारक साबित हो रही है और डॉक्टर लगातार सांसद संतोष पांडे और भाजपा नेताओं की निष्क्रियता के कारण अपना इस्तीफ़ा दे रहे है।

# हवा में उड़ रही भाजपा, अब देखेगी कांग्रेस की आंधी - भागवत साहू



**कहा - केंद्र में बनेगी कांग्रेस नीत सरकार, भाजपा कमजोर विपक्ष की भूमिका में रहेगी**

राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने भविष्यवाणी की है, कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव लोकसभा सीट से जीतकर केंद्र में स्पष्ट बहुमत से बनने वाली कांग्रेस नीत सरकार में कैबिनेट मंत्री बनेंगे।

वे प्रधानमंत्री भी बना दिए जाते हैं तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। क्योंकि उनके छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहते उनकी काबिलियत को पूरे देश ने देखा है। श्री साहू ने आगे कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली 10 साल पुरानी भाजपा सरकार की गलत नीतियों से देशवासी उकता गए हैं। अबकी बार 400 पार का नारा देकर मन के लड्डू खा रही भाजपा कांग्रेस के हाथों तीखी मिर्ची भजिया खाकर याद रखेगी। वास्तव में वह 200 सीट में सिमट जाएगी। वैसे भी लोगों ने केंद्र में परिवर्तन का मन पहले ही बना लिया है। उन्होंने कहा कि देश की पढ़ी-लिखी जनता समझती है कि लंबे समय तक एक ही पार्टी को सत्ता पर बिठा करके रखने से वह निरंकुश हो जाती है। कांग्रेस आम जनता से सरोकार रखते हुए महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। जबकि भाजपा धर्म के नाम पर अपनी राजनीतिक रोटी सेंक रही है। राजनांदगांव लोकसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडे इस मामले में पारंगत है उन्होंने क्षेत्र विकास में ध्यान नहीं देकर नफरत के बीज बोने में ज्यादा ध्यान लगाया है।

# द्वारका प्रसाद अग्रवाल का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय भारत माता चौक निवासी स्व. मातादिन अग्रवाल के सुपुत्र द्वारका प्रसाद अग्रवाल (77 वर्ष) का आज शनिवार 13 अप्रैल को दोपहर 03 बजे आकस्मिक निधन हो गया। आपकी अंतिम यात्रा रविवार दिनांक 14 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे निज निवास अग्रवाल ज्वेलर्स भारत माता चौक से निकाल कर मुक्तिधाम लखोली जावेगी। आपके एक पुत्र विवेक अग्रवाल (भोला) एक सुपुत्री एवं नाती पोतों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ इस दुनिया से विदा लिए हैं।

# कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में




राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में आज 14 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल प्रातः 10.30 बजे मुड़ीपार, जोरातराई, मनगटा, बघेरा, तुमड़ीलेवा, भांटागांव, बोईरडीह, जोरातराई ब, कंकेतरा, छिपा, पालंदुर, बसंतपुर, मोहारा, खैरबाना, कोलेंद्रा, ठाकुरटोला, बेलगांव, अछोली, डोंगरगढ़ में जनसंपर्क बाद अंबेडकर जयंती एवं मंदिर दर्शन करेंगे।

# आज पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला ईकाई राजनांदगांव को मासिक बैठक आज रविवार 14 अप्रैल को अपरान्ह् 12:30 बजे स्थानीय ठा. प्यारेलाल हाईस्कूल में रखी गई है। बैठक में प्रांतीय बैठक में हुई चर्चा की जानकारी दी जाएगी साथ जिन सदस्यों की समस्या होगी उस पर भी चर्चा की जाएगी।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता. 19 से बी.ए. फाईनल ईयर, रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
सत्य कथानक पर आधारित
बोनी कपूर कृत
मैदान
कलाकार - अजय देवगन, प्रियामणि, कीर्ति सुरेश, बोमन ईरानी, गजराज सिंह आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
11th April To 14th April 2024
silver SCREEN



Bade Miyan Chote Miyan - 11:30am, 03:15, 06:15 and 09:30 pm




Maidaan - 11:45am, 02:30, 06:00 and 09:15 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं.................. बी-121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधन आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक शिवदयाल यादव आ. स्व. अग्रहिज निवासी शहर ग्राम ईरा प.ह.नं. तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा पुत्र हरिश कुमार यादव आ. शिवदयाल यादव जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म प्रमाण प्रत्र जारी कियें जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 15/04/2024 तक लिखित में स्वंय/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 01/04/2024 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 01/04/2024
सुनवाई दिनांक 15/04/2024

**कार्यपालिक दडाधिकारी**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202403092100057
विषय:-अ-6 अ मामले की श्रेणी:-राजस्व
सन:-2023-2024 बछेराभाठा (प.ह.नं.00026),
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-शिशुपाल,
अनावेदक पक्षकार

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिशुपाल आ. मनाराम जाति लोधी, निवासी ग्राम बछेराभाठा प.ह.न. 26 रा.नि.मं. चौथना तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि जिस जमीन पर मै काबिज हूं उसमें मैं लगभग 70 वर्ष से मकान बाड़ी बनाकर रह रहा हूं। यह कि वर्तमान में खसरा नंबर 146/4 रकबा 0.2830हे. हे जो कि मेरे मौके पर काबिज भूमि से मिलान नही करता है। आवेदक द्वारा मेरे खसरा एवं नक्शा में आवश्यक संशोधन किये जाने का निवेदन किया है। आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ ऑनलाईन नक्शा, खसरा, बी-1, सीमांकन प्रतिवेदन पेश किया गया है। मो.

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 15.04.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, तहसील-डोंगरगढ़**

# नवरात्रि पर बसंतपुर पुलिस ने पकड़ी गांजे की खेप



राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि पर्व के अवसर पर बंसतपुर पुलिस ने नंदई के समीप सतनाम भवन के पास ग्राहक तलाश रहे गांजा तस्करों को पकड़ा है। पुलिस ने ग्राहक की तलाश करते दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 2.350 कि.ग्रा. गांजा जप्त किया है।

आरोपी राहुल यादव पिता राम अवतार यादव (30 साल) निवासी नंदई कुंआ चौक न्यु हाट बाजार के सामने तथा दूसरे आरोपी का नाम-विनोद यादव पिता रामजीवन यादव उम्र (42 वर्ष) निवासी नंदई कुंआ चौक हाट बाजार के सामने बताया जाता है। बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन में क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री जुआ, सटटा, एवं गांजा जैसे नशे पर अंकुश लगाने व लोकसभा चुनाव 2024 के मददेनजर आरोपियों की धरपकड़ कार्रवाई जारी है।

इस क्रम में पुलिस के इन बड़े अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर सत्यनारायण देवांगन द्वारा थाना क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान 12 अप्रैल को मुखबीर मोबाइल फोन से सूचना मिलने पर कि नंदई कुआं चौक सतनाम भवन के पीछे राहुल यादव के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर सफेंद रंग के पालिथिन में बंधा हुआ मादक पदार्थ 1.150 कि.ग्रा. तथा आरोपी विनोद यादव के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरी के अंदर एक सफेद रंग के पालिथिन में बंधा हुआ मादक पदार्थ गांजा 1.200 किग्रा को जब्त किया गया तथा आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत विधिवत कार्यवाही कर उपरोक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

उक्त कार्यवाही में बसंतपुर थाना प्रभारी देवाग सहित सहायक उप निरीक्षक गोवर्धन देशमुख, बी-9 पेट्रोलिंग प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, आरक्षक कमल यादव की भूमिका सराहनीय रही।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

367-6 223-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

राजनांदगांव, रविवार 14 अप्रैल 2024




## राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में मोदी सरकार के दौरान अभूतपूर्व कार्य हुए - संतोष पांडे

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे जनसम्पर्क अभियान के दूसरे चरण में आज फिर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का तूफानी दौरा किया। गाँव-गाँव में मिल रहे आपार जनसमर्थन से प्रफुल्लित दिख रहें श्री पांडे ने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले चारों जिलों राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कबीरधाम के चौमुखी विकास के लिए अनवरत प्रयत्नशील रहें, जिसके परिणाम स्वरूप इन सभी जिलों में करोड़ों-करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिली। विशेष कर डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल लाईन के लिए पाँच सौ करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी हैं, इसका कार्य भी प्रारंभ हो चुका हैं यह रेल लाईन क्षेत्र के लिए अत्यंत



महत्वाकांक्षी हैं, यह रेल लाईन डोंगरगढ़, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, कबीरधाम जिले को विकास से सराबोर करते हुए कटघोरा तक जाएगी। इससे इन सारे इलाकों का चतुर्दिक विकास होगा लाखों लोगों को रोजगार के नये अवसर प्राप्त होंगे। तथा यह विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। इसी तरह रेलवे में 230 किलोमीटर तीसरी लाईन का काम पूरा हो चुका हैं और अब चौथी का भी कार्य प्रारंभ हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे ने रेलवे के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का ब्योरा देते हुए आगे बताया की राजनांदगाँव व डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी अमृत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है, इससे इन दोनों रलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण एवं भव्य रूपांतरण का कार्य प्रगति पर हैं। इसी तरह राजनांदगाँव शहर के गौरी नगर व स्टेशन पारा में बहुप्रतीक्षित रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण कार्य सोलह करोड़ रुपए की लागत से प्रारंभ हो चुका हैं जो शीघ्र ही पूरा होगा। इतना ही नहीं बल्कि बोरतलाब से मुढ़ीपार स्टेशन तक लोकसभा क्षेत्र की पूरी सीमा में बारह ओवर ब्रीज व तीन अंडरब्रिज का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा हैं। राजनांदगांव शहर को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सहित चार अन्य सुपर फास्ट ट्रेनों का स्टापेज भी दिलाया गया, जिससे क्षेत्र के लोगों की यात्री सुविधा में विस्तार हुआ।

श्री पांडे ने बताया की केंद्र की प्रसाद योजना के अंतर्गत डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी देवी शक्तिपीठ का चयन हुआ हैं। इस योजना के अंतर्गत 43 करोड़ रुपए की विशाल धनराशि से मंदिर परिसर का व्यापक विस्तार होगा, इसमें मंदिर परिसर में विभिन्न प्रकार के निर्माण एवं सौन्दर्यकरण कार्य पूर्णता की ओर हैं। इसी प्रकार डोंगरगढ़ में ही स्थित एक बड़े तीर्थ स्थल प्रज्ञागिरी के सौन्दर्यकरण के कार्य तथा नये उद्यान की स्थापना का कार्य प्रगति पर हैं उल्लेखनीय हैं कि इस स्थान पर श्री यंत्र का निर्माण व स्थापना होना हैं। श्री पांडे ने कहा कि उनके द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्य अभूतपूर्व व उल्लेखनीय हैं जिससे संसदीय क्षेत्र के लोगों को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा। श्री पांडे ने आज साल्हेटोला से अपना जनसम्पर्क अभियान प्रारंभ किया। फिर वे केसोटोला, कल्लूबंजारी, टिपानगढ़, घोटिया, आलीवारा, कोलिहा लमती, पठानढोंड़गी, बेलरगोंदी, गहीराभेड़ी, शिकारी महका, कोर्रामटोला, जरहा महका, झीथराटोला, शिकारीटोला, महराजपुर, रामपुर, लालूटोला होते हुए डुमरडीह पहुंचे। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, एमडी ठाकुर, जगजीत सिंह भाटिया(लक्की), चंद्रिका डडसेना, रवींद्र वैष्णव, अजय पटेल, संजय सिन्हा, रोमी भाटिया, आत्माराम चंद्रवंशी, किरण वैष्णव, भुनेश्वर साहू, शेखर भारद्वाज राधेश्याम शर्मा, कान्ता साहू, खिलेश्वर साहू, मनीष त्रिपाठी, मालती उईके, संगीता यादव, सदाराम साहू, अशोक साहू, रामकुमार मंडावी, धनकुमार देशपांडे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे

## युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरी देगी कांग्रेस सरकार-भूपेश बघेल



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने आज जनसंपर्क के दौरान जनता को कांग्रेस के 5 न्याय की गारंटी देते हुए जनसंवाद किया।

भूपेश बघेल ने ग्रामीण अंचल में दौरे के दौरान लोगों को बताया कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में 5 न्याय की गारंटी दी है, इन गारंटियों में मुख्य रूप से महिलाओं को हर साल 1 लाख रुपए, युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरियां, किसानों को फसलों के डेढ़ गुना दाम, मनरेगा की मजदूरी 400 रुपए दैनिक करने के साथ ही साथ 25 लाख रुपए तक निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने गरीबों के राशन पर डाका डालने वाली भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि चुनाव के बाद भाजपा गरीबों के मुंह से निवाला छीनने के प्रयास में है। उन्होंने बताया कि नए राशन कार्ड में साफ तौर पर लिखा है कि प्रति व्यक्ति केवल 5 किलो ही चांवल दिया जाएगा, ऐसे में गरीब परिवार अपना गुजारा कैसे करेंगे। हमारी कांग्रेस सरकार 3 व इससे अधिक सदस्य पर 35 किलो चावल देती थी, लेकिन नए नियम के तहत 3 सदस्य वाले परिवारों को सीधे 20 किलो चावल का नुकसान होगा, क्या गरीबों का राशन छीन कर भाजपा महतारी वंदन के तहत दिए जाने 1000 रुपयों की भरपाई करना चाहती है।

शनिवार को छुरिया ब्लॉक के रामपुर से शुरू हुआ जनसंपर्क का दौर महाराजपुर, शिकारीटोला, जिघराटोला, मघरघोखरा, कल्लूटोला, पाटेकोहरा, सड़क चिरचारी, भर्रीटोल (ब), खोभा, जैतगुंडरा, जोब, पैरीटोला, भर्रीटोला (अ), बखरूटोला, नादिया, कल्लूबंजारी, मेटेपार, फाफामार, गैंदाटोला और भोलापुर तक प्रस्तावित था।

इस दौरान मुख्य रूप से भूपेश बघेल के साथ राजनांदगांव कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागवत साहू, खुज्ज़ी विधायक भोलाराम साहू, खुज्जी पूर्व विधायक छन्नी साहू, कांग्रेस नेता रितेश जैन, पदम् कोठारी, इमरान मेमन, प्रकाश यादव, राजकुमारी सिन्हा, तरुण सिन्हा, उर्मिला साहू, राहुल तिवारी, सीमा यादव, चुम्मन साहू, शकील कुरैशी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

























CMYK

## अनमोल दावा

*ईश्वर का रूप केवल उतना ही नहीं जितना हम और आप समझते हैं, सृष्टि के हर कण में परमात्मा की उपस्थिति होती है*

# रिजर्व बैंक को चालू वित्तीय वर्ष में महंगाई पर नियंत्रण करने की जरूरत

रेपो दर ऊंची रहने पर बाजार में पूंजी का प्रवाह काबू में रहता है, इस तरह महंगाई पर भी अंकुश होता है। मगर इससे घर, वाहन, कारोबार आदि के लिए कर्ज लेने वालों पर ब्याज का बोझ बढ़ जाता है। यह सातवीं बार है, जब भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति में कोई बदलाव करने से परहेज किया है। उसने रेपो दर को 6.5 फीसद पर यथावत बनाए रखा है। ऐसा महंगाई पर काबू पाने के मकसद से किया गया है। रिजर्व बैंक ने कहा है कि चालू वित्तवर्ष में महंगाई की दर घट कर 4.5 फीसद पर आ जाएगी। पिछले वर्ष इसके 5.4 फीसद रहने का अनुमान लगाया गया था। अब भी महंगाई काबू में नहीं आ रही।

थोक और खुदरा महंगाई तथा विकास दर में कोई तार्किक संतुलन नजर नहीं आता। खुदरा वस्तुओं में फल और सब्जियों के दाम उस मौसम में भी ऊंचे देखे गए, जब बाजार में नई फसल की आवक बढ़ जाती है।इस समय भी बाजार में आलू, प्याज, टमाटर जैसी रोजमर्रा इस्तेमाल की सब्जियों की कीमत बाईस से चालीस फीसद तक बढ़ी हुई है, जबकि इस वक्त इनकी नई फसल बाजार में आती है। दाल, चावल, आटे जैसी चीजों की कीमतें भी आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। ऐसे में रिजर्व बैंक रेपो दर में बदलाव करके किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता था।रेपो दर ऊंची रहने पर बाजार में पूंजी का प्रवाह काबू में रहता है, इस तरह महंगाई पर भी अंकुश होता है। मगर इससे घर, वाहन, कारोबार आदि के लिए कर्ज लेने वालों पर ब्याज का बोझ बढ़ जाता है। उद्योग जगत लंबे समय से उम्मीद लगाए बैठा है कि रेपो दर में कमी आए, तो उन्हें कारोबार के लिए कर्ज पर कम बोझ उठाना पड़े।

मगर महंगाई की मार ने रिजर्व बैंक को ऐसा कोई फैसला करने से रोक रखा है। मगर केवल रेपो दर ऊंची रख कर महंगाई पर काबू पाने का फार्मूला कहां तक कारगर साबित होगा, कहना मुश्किल है। महंगाई के लिए जिम्मेदार पेट्रोल-डीजल की कीमतें, खेती में बढ़ती लागत, उद्योगों में उत्पादन लागत आदि पर काबू पाए बिना महंगाई पर लगाम कसना कठिन ही बना रहेगा। फिर, लोगों की क्रयशक्ति घटने से महंगाई की मार आम लोगों पर बहुत भारी पड़ रही है। रेपो दर के अलावा महंगाई के कुचक्र से बाहर निकलने का व्यावहारिक रास्ता निकालना होगा।

## कविता

### 'परबत मा,बसे हस महतारी'

ऊपर परबत मा बसे हस महतारी।
जगदम्बे मैय्या,
कइसे आवव मैहर, तोर दुआरी हो मा।
अड़बड़ दुरिहा मोर, गोरकापार गांव हे।
तोर दरशन के आस, फेर नान नान पांव हे।
नइहे मोर कर, मोटर गाड़ी, जगदम्बे मइया,
कइसे आवव मैहर..........
रेंगत रेंगत मईया, मोर जांगर सिरागे।
पउरी मा फोरा परगे, जांघ लोड़ीयागे।
कइसे चढ़व, उप्पर पहाड़ी, जगदम्बे मइया,
कइसे आवव मैहर.........
नई जानव नेग, नई जानव पूजा पाठ वो।
कामा लेवव फूल पतरी, दुच्छा मोर हाथ वो।
नई धरे हो पूजा के थारी, जगदम्बे मइया,
कइसे आवव मैहर......



जीवन लाल चन्द्राकर गोरकापार, गुंडरदेही(छत्तीसगढ़)

# बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के जीवन से जुड़े रोचक किस्से

*भारत समेत पूरे विश्व में अपने समाज सुधारक कार्यों के लिए सम्मानित बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जो प्रेरणा भी देते हैं और उन्हें एक आदर्श पुरुष भी प्रदर्शित करते हैं।*

भारत के महान नेता, सामाजिक सुधारक और संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू नामक स्थान पर हुआ था।दलित समुदाय से जुड़े डॉक्टर आंबेडकर ने अपने जीवन में दलितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने लॉ और सामाजिक विज्ञान से डिग्री हासिल की और अपनी शिक्षा के बल पर दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।



आज अंबेडकर जयंती पर विशेष

भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहेब का अभूतपूर्व योगदान रहा। संविधान में दलितों के अधिकारों की गारंटी और समानता की मांग की। बाद में 6 दिसंबर 1956 को उनका निधन हो गया। भारत समेत पूरे विश्व में अपने समाज सुधारक कार्यों के लिए सम्मानित बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के जीवन से जुड़े कई रोचक किस्से हैं, जो प्रेरणा भी देते हैं और उन्हें एक आदर्श पुरुष भी प्रदर्शित करते हैं।

### होनहार आंबेडकर ने किया छूआछूत का सामना

14 भाई बहनों में आंबेडकर अकेले थे जो स्कूल एग्जाम में कामयाब हुए। दूसरे बच्चों की तुलना में भी वह काफी तेज थे लेकिन उनकी काबिलियत के बावजूद आंबेडकर को स्कूल में अन्य बच्चों से अलग बैठाया जाता था। उनको क्लास रूम के अंदर बैठने की इजाजत नहीं थी। प्यास लगने पर कोई ऊंची जाति का शख्स ऊंचाई से उनके हाथों में पानी डालता था, क्योंकि पानी के बर्तन को छूने की इजाजत नहीं थी।

### कैसे रखा आंबेडकर नाम

आंबेडकर के पिता रामजी मालोजी सकपाल और मां भीमाबाई थीं, लेकिन आंबेडकर ने एक ब्राह्मण शिक्षक महादेव आंबेडकर के कहने पर ही अपने नाम से सकपाल हटाकर आंबेडकर जोड़ लिया, जो उनके गांव के नाम अंबावडे पर था।

### बाबा साहेब का ब्राह्मण कनेक्शन

बाबा साहेब की दो पत्नियां थीं। उनकी सगाई नौ साल की लड़की रमाबाई से हिंदू रीति रिवाज से हुई। शादी के बाद उनकी पत्नी ने पहले बेटे यशवंत को जन्म दिया। आंबेडकर के निधन के बाद परिवार में दूसरी सविता आंबेडकर रह गईं, जो कि जन्म से ब्राह्मण थीं। शादी से पहले उनका नाम शारदा कबीर था।

### प्रोफेसर होते हुए भी जात-पात से परेशान

लंदन में पढ़ाई के दौरान उनकी स्कॉलरशिप खत्म हो जाने के बाद वह स्वदेश वापस आ गए और मुंबई के कॉलेज में प्रोफेसर के तौर पर नौकरी करने लगे। हालांकि उन्हें यहां पर भी जात पात और समानता का सामना करना पड़ा। इसी कारण आंबेडकर दलित समुदाय को समान अधिकार दिलाने के लिए कार्य करने लगे। उन्होंने ब्रिटिश सरकार से पृथक निर्वाचिका की मांग की थी, जिसे मंजूरी भी मिल गयी लेकिन गांधीजी ने इसके विरोध में आमरण अनशन कर दिया तो अंबेडकर को अपनी मांग वापस लेनी पड़ी ।

# 10 राज्यों में कांग्रेस विरुद्ध भाजपा की टक्कर निर्णायक

400 पार जीतने का सपना भाजपा देख रही है। जबकि, कांग्रेस का प्रयास भाजपा को 200 सीटों से कम में समेटने का है। उल्लेखनीय कि 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 44 सीटें जीती थी और भाजपा ने 282 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 303 सीटें हासिल की थी। कांग्रेस के पाले में 52 सीटें आयी थीं। इस प्रकार, क्रमशः चुनावों में दोनों ही भाजपा और कांग्रेस की सीटें बढ़ी थी।

2024 के चुनावी दंगल में उक्त दोनों ही पार्टियां अपनी सीटों में वृद्धि करने का पूरजोर प्रयास कर रही हैं। भाजपा जो चुनावी रणनीति में माहिर है, वह हैट्रिक लगाने याने तीसरी मर्तबे स्पष्ट बहुमत से चुनाव जीतने युद्धस्तर पर काम कर रही है। भाजपा और कांग्रेस में से किसकी महत्वाकांक्षा फलेगी, यह तो चुनाव परिणाम ही बतायेंगे। किन्तु, इस परिणाम का आधार देश के 10 राज्यों पर कांग्रेस के प्रदर्शन पर निर्भर रहेगा। क्योकि, 2014 और 2019 में भाजपा की भव्य विजय का कारण कांग्रेस का शर्मनाक प्रदर्शन था। कांग्रेस की भाजपा के साथ जिन राज्यों में सीधी टक्कर रहती है, वहां अभी तक कांग्रेस का कमजोर प्रदर्शन रहा है। फलस्वरूप, देश में भाजपा शक्तिशाली होकर सामने हैं।

कांग्रेस और भाजपा की सीधी टक्कर 10 राज्यों में है। इन राज्यों में कोई तीसरी शक्ति नहीं है। जैसे गुजरात (25 लोकसभा सीटें), मध्यप्रदेश (28), राजस्थान-(26) छत्तीसगढ़ (11), कर्नाटक (28), हिमाचल प्रदेश (4), झारखण्ड (14), हरियाणा (10), उत्तराखण्ड (5), आसाम-(14) है। कांग्रेस और भाजपा की सीधी टक्कर वाले इन 10 राज्यों में लोकसभा की 167 सीटें हैं।

लोकसभा के पिछले दोनों चुनावों में भाजपा ने क्लीन स्वीप करके अधिकांश सीटें जीती थी। 2019 में कांग्रेस ने राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, हरियाणा, गुजरात में खाता भी नहीं खोला था। छत्तीसगढ़ में 11 में से 9 सीटें भाजपा और कांग्रेस को 2 सीटों पर संतोष करना पड़ा था। मध्यप्रदेश की 29 सीटों में से 28 सीटों पर भाजपा की जीत हुई थी, जबकि एक मात्र छिंदवाड़ा की सीट कांग्रेस ने जीती थी। आसाम की 14 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस को 3 सीटें हासिल हुई थी। जबकि भाजपा ने 9 सीटों पर जीत दर्ज की थी। कर्नाटक की 28 सीटों में से भाजपा को 25 सीटें प्राप्त हुई थी। जबकि कांग्रेस को केवल एक ही सीट मिली थी। झारखण्ड की 14 सीटों में से भाजपा ने 12 सीटें जीती थी। जबकि दो सीटें कांग्रेस के सहयोगी जे.एम.एम. को प्राप्त हुई थी। याने कि, 169 सीटों में से केवल 9 सीटें कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने जीती थी। जब कि, भाजपा 158 सीटों पर जीत दर्ज करके और उसकी सहयोगी पार्टी ने दो सीट जीतकर एन.डी.ए. को 160 सीटों तक पहुंचाया।

भाजपा 300 सीटों पर पहुंच गई, उसका कारण इन 10 राज्यों में कांग्रेस का कमजोर प्रदर्शन था। कांग्रेस भाजपा के समान इस मर्तबे स्वीप तो नहीं कर सकती किन्तु, अपनी सीटें बढ़ाने में सफल हो सकती है, इसकी संभावना दिख रही है। 70 सीटें कम से कम कांग्रेस प्राप्त करने में सफल होती है तो इसे भी उसे कामयाबी कह सकते हैं। कर्नाटक में उसकी सरकार है, उसको देखते हुवे 50 फीसदी याने 14 सीटें जीत सकती है।

कांग्रेस अभी केरल, पंजाब, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में 10-12 बैठकें जीत सकती है। इसको देखते हुवे अनुमान लगाया जा सकता है कि वह 120-125 सीटों तक कांग्रेस पहुंच सकती है। कांग्रेस के खाते में जितनी सीटें ज्यादा आएगी, उतनी ही सीटें भाजपा में कम हो जाएगी। वर्तमान की राजनैतिक फिंजा में यह मुश्किल नहीं है।

भाजपा उत्तरप्रदेश और बिहार में मजबूत है। उत्तरप्रदेश में 80 और बिहार में 40 को मिलाकर 120 सीटें है। भाजपा ने 2019 में अपने सहयोगी दलों के साथ 104 सीटों को श्वहासिल किया था। इसकों देखते हुवे भाजपा के लिए इन दोनों राज्यों में इस समय सीटों को बढ़ाने का स्कोप नहीं है। विपक्ष जिसमें कांग्रेस लीड रोल में है, जो भाजपा के विजय रथ को रोकने में सफल हो सकती है।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 119: विवाह का निमंत्रण लेकर मिथिला का दूत राजा दशरथ की सभा में

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



महाराज दशरथ के पूछने पर श्रीकेतु ने कहा, ''दोनों कुमार अयोध्या नहीं लौट रहे हैं महाराज, बल्कि ऋषि विश्वामित्र जी ने उन्हें साथ लेकर मिथिला नगरी की ओर प्रस्थान किया है।''

''क्या और कोई नया संकट उपस्थित हो गया है?'' महाराज दशरथ ने फिर पूछा।

''किसी संकट की कोई सूचना नहीं है महाराज! ऐसा अनुमान है कि गुरु विश्वामित्र भ्रमण के उद्देश्य से अपने दोनों शिष्यों को हिमालय पर्वत की तराई वाले क्षेत्र की ओर ले गए हों।'' श्रीकेतु ने उत्तर दिया।

महाराज दशरथ यह सुनकर निश्चिंत हो गए, क्योंकि वे जानते थे कि एक तो दोनों कुमार स्वयं सबल हैं और वे किसी भी संकट का साहस से सामना कर सकते हैं। वहीं गुरु विश्वामित्र के रूप में उनके साथ अभेद्य सुरक्षा कवच है। अतः उन्हें चिंतित होने की कोई आवश्यकता नहीं है।''

कुछ दिनों के बाद राजा दशरथ को एक दिन अत्यंत शुभ समाचार मिला। मिथिला से आए हुए दूत ने महाराज दशरथ को अपने राजा का पत्र प्रदान किया। जब महाराज दशरथ ने इसे पढ़ा तो हर्षातिरेक में उनके कंठ से कोई शब्द न फूटा।

महाराज जनक ने संदेश में लिखा था-

''अयोध्या नरेश महाराज दशरथ को मिथिला नरेश जनक का प्रणाम और अभिनंदन। आपको यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि मेरी सुपुत्री राजकुमारी सीता का स्वयंवर संपन्न हो गया है और उन्होंने मेरी शर्त के अनुरूप शिव धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने वाले आपके ज्येष्ठ सुपुत्र श्री राम का वरण किया है। स्वयंवर सभा में उपस्थित अन्य राजागण जहां इस धनुष को हिला भी नहीं पाए,वहां राजकुमार राम ने अद्भुत सामर्थ्य का प्रदर्शन करते हुए भगवान शिव की कृपा से उस विशिष्ट शर्त को पूर्ण किया है।अयोध्या नरेश महाराज दशरथ को कोटि-कोटि बधाई।राजकुमारी सीता तथा राजकुमार राम के विवाह की अनुमति देने के लिए आपसे विशेष निवेदन है।कृपया बरात के साथ जनकपुरी पधारें और इस शुभ मंगल समारोह में पहुंचकर अपना आशीर्वाद प्रदान करें।संपूर्ण मिथिला नगरी आपके आगमन और आपके सुपुत्र की बरात के स्वागत के लिए उत्सुक है।÷

कुछ देर बाद संयत होते हुए महाराज दशरथ ने स्वयं इस संदेश का एक-एक अक्षर पढ़कर सभासदों को सुनाया। संदेश को सुनकर सभा में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति प्रसन्न हो गया और सभी ने महाराज दशरथ को हार्दिक बधाइयां दीं। राजकुमार राम के विवाह के इस आल्हादकारी संदेश से संपूर्ण अयोध्या नगरी में देखते ही देखते उत्सव का वातावरण निर्मित हो गया।

महाराज जनक ने संदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ''मैं इस संदेश से अत्यंत प्रसन्न हूं। मिथिला नरेश के दूत को ससम्मान अतिथि गृह में ठहराया जाए। मैं गुरुदेव, वरिष्ठ मंत्रियों तथा राज परिवार से पृथक से चर्चा कर शीघ्र ही संबंध में निर्णय लेकर औपचारिक घोषणा करूंगा।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -026



### सू-दोकू क्र.026



# सामाजिक क्रांति के महानायक थे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर

**रविंद्र रामटेके**



डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। कबीर पंथी पिता और धर्मर्मपरायण माता की गोद में बालक का आरंभिक काल अनुशासित रहा। डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का मूल नाम भीमराव था। उनके पिताश्री रामजी वल्द मालोजी सकपाल महू में ही मेजर सूबेदार के पद पर एक सैनिक अधिकारी थे। अपनी सेवा के अंतिम वर्ष उन्होंने और उनकी धर्मपत्नी भीमाबाई ने काली पलटन स्थित जन्मस्थली स्मारक की जगह पर विद्यमान एक बैरेक में गुजारे। सन् 1891 में 14 अप्रैल के दिन जब रामजी सूबेदार अपनी ड्यूटी पर थे, 12 बजे यहीं भीमराव का जन्म हुआ। कबीर पंथी पिता और धर्मर्मपरायण माता की गोद में बालक का आरंभिक काल अनुशासित रहा।

बालक भीमराव का प्राथमिक शिक्षण दापोली और सतारा में हुआ। बंबई के एलफिन्स्टोन स्कूल से वह 1907 में मैट्रिक की परीक्षा पास की। इस अवसर पर एक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया और उसमें भेंट स्वरुप उनके शिक्षक श्री कृष्णाजी अर्जुन केलुस्कर ने स्वलिखित पुस्तक बुद्ध चरित्र उन्हें प्रदान की। बड़ौदा नरेश सयाजी राव गायकवाड की फेलोशिप पाकर भीमराव ने 1912 में मुबई विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा पास की। संस्कृत पढने पर मनाही होने से वह फारसी लेकर उत्तीर्ण हुये। अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय बी.ए. के बाद एम.ए. के अध्ययन हेतु बड़ौदा नरेश सयाजी गायकवाड़ की पुन~ फेलोशिप पाकर वह अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में दाखिल हुये। सन 1915 में उन्होंने स्नातकोत्तर उपाधि की परीक्षा पास की। इस हेतु उन्होंने अपना शोध प्राचीन भारत का वाणिज्य लिखा था। उसके बाद 1916 में कोलंबिया विश्वविद्यालय अमेरिका से ही उन्होंने पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की, उनके पीएच.डी. शोध का विषय था, ब्रिटिश भारत में प्रातीय वित्त का विकेन्द्रीकरण। फेलोशिप समाप्त होने पर उन्हें भारत लौटना था, अत~ वे ब्रिटेन होते हुये लौट रहे थे। उन्होंने वहां लंदन स्कूल ऑफ इकोनामिक्स एण्ड पोलिटिकल सांइस में एम.एससी. और डी. एस सी. और विधि संस्थान में बार-एट-लॉ की उपाधि हेतु स्वयं को पंजीकृत किया और भारत लौटे। सब से पहले छात्रवृत्ति की शर्त के अनुसार बडौदा नरेश के दरबार में सैनिक अधिकारी तथा वित्तीय सलाहकार का दायित्व स्वीकार किया। पूरे शहर में उनको किराये पर रखने को कोई तैयार नही होने की गंभीर समस्या से वह कुछ समय के बाद ही मुंबई वापस आये। दलित प्रतिनिधित्व वहां परेल में डबक चाल और श्रमिक कॉलोनी में रहकर अपनी अधूरी पढाई को पूरी करने हेतु पार्ट टाईम अध्यापकी और वकालत कर अपनी धर्मपत्नी रमाबाई के साथ जीवन निर्वाह किया। सन 1919 में डॉ. अम्बेडकर ने राजनीतिक सुधार हेतु गठित साउथबरो आयोग के समक्ष राजनीति में दलित प्रतिनिधित्व के पक्ष में साक्ष्य दी। अशिक्षित और निर्धन लोगों को जागरुक बनाने के लिया काम उन्होंने मूक और अशिक्षित और निर्धन लोगों को जागरुक बनाने के लिये मूकनायक और बहिष्कृत भारत साप्ताहिक पत्रिकायें संपादित कीं और अपनी अधूरी पढ़ाई पूरी करने के लिये वह लंदन और जर्मनी जाकर वहां से एम.एससी., डी.एससी. और बैरिस्टर की उपाधियाँ प्राप्त की। उनके एम. एस सी. का शोध विषय साम्राज्यीय वित्त के प्रांतीय विकेन्द्रीकरण का विश्लेषणात्मक अध्ययन और उनके डी.एससी उपाधि का विषय रूपये की समस्या उसका उद्भव और उपाय और भारतीय चलन और बैकिंग का इतिहास था। बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर को कोलंबिया विश्वविद्यालय ने एल.एलडी और उस्मानिया विश्वविद्यालय ने डी. लिट्. की मानद उपाधियों से सम्मानित किया था। इस प्रकार डॉ. अम्बेडकर वैश्विक युवाओं के लिये प्रेरणा बन गये क्योंकि उनके नाम के साथ बीए, एमए, एमएससी, पीएचडी, बैरिस्टर, डीएससी, डी.लिट्. आदि कुल 26 उपाधियां जुडी है। योगदान~ भारत रत्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर ने अपने जीवन के 65 वर्षों में देश को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, औद्योगिक, संवैधानिक इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में अनगिनत कार्य करके राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

बौद्धिक, वैज्ञानिक, प्रतिष्ठा, भारतीय संस्कृति वाले बौद्ध धर्म की 14 अक्टूबर 1956 को 5 लाख लोगों के साथ नागपुर में दीक्षा ली तथा भारत में बौद्ध धर्म को पुनर्स्थापित कर अपने अंतिम ग्रंथ द बुद्धा एण्ड हिज धम्मा के द्वारा निरंतर वृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया। जात पांत तोडक मंडल (वर्ष 1937) लाहौर, के अधिवेशन के लिये तैयार अपने अभिभाषण को जातिभेद निर्मूलन नामक उनके ग्रंथ ने भारतीय समाज को धर्मग्रंथों में व्याप्त मिथ्या, अंधविश्वास एवं अंधश्रद्धा से मुक्ति दिलाने का कार्य किया। हिन्दू विधेयक संहिता के जरिए महिलाओं को तलाक, संपत्ति में उत्तराधिकार आदि का प्रावधान कर उसके कार्यान्वयन के लिए वह जीवन पर्यन्त संघर्ष करते रहे। सामाजिक कार्यकर्ता लखोली राजनांदगांव छत्तीसगढ़

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज ऑफिस के किसी कार्य में सीनियर्स की मदद से आपको थोड़ी राहत मिलेगी। आज घर में बच्चों के साथ आपका अच्छा टाइम बितेगा। माता पिता बच्चो को कोई अच्छी सलाह भी दे सकते हैं।

**वृषभ** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही खास है। अपना समय शॉपिंग में बिता सकती हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगो को आज किसी मल्टी नेशनल कम्पनी से कॉल आ सकती है। दांपत्य जीवन में आज मधुरता बनी रहेगी।

**मिथुन** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए आप कोई नया प्लान बनायेंगे। किसी बुजुर्ग महिला की सेवा का अवसर मिलेगा इसे आप सौभाग्य के रूप में समझे। आज आपके ज्यादातर सोचे हुए कामों पूरे हो जाएंगे। छात्र कोशिश करते रहे, सफलता के योग बने हुये है।

**कर्क** — आज आपका दिन ठीक रहने वाला है। आप परिवार के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का महौल बना रहेगा। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे।

**सिंह** — आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर.. पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग हैं। बिजनेस में आपको फायदा हो सकता है।

**कन्या** — आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रहीं कड़ी मेहनत आज आपको सफल बना सकती है। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है जिन्हे आप बखूबी निभाएंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए आस-पास के कई लोग आपको सलाह देंगें।

**तुला** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज आपको पुरानी बातें याद आ सकती हैं। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिलेगी।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही कोई बिजनेस करने की सोच रही है उनके लिए आज का दिन अच्छा है। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें ,अन्यथा वह काम दोबारा करना पड़ सकता है। ईश्वर की आराधना के लिए निकालें मन शांत रहेगा।

**धनु** — आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। अगर आप नयी जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो घर के बड़ों की राय जरूर लें। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन संतोषजनक रहेगा कुछ नया सीखने को मिलेगा। लवमेट अपने मन की बात शेयर करेंगे। इससे रिश्तों में मधुरता बनेगी।

**मकर** — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको अपनी सोच सकारात्मक बनाये रखने की आवश्यकता है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घर को खुशी होगी। आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है।

**कुंभ** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में कार्यशीलता के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे होने से प्रसन्नता होगी। आज आपको कार्यो में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। आज आप धार्मिक कार्यों में रूचि लेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला है। माता पिता से आशीर्वाद लेने से आपकी सभी परेशानियों का हल मिलेगा। साथ ही किसी धार्मिक आयोजन का हिस्सा भी बनेंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश का बढ़ाया सम्मान-रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



० छत्तीसगढ़ में जनता के साथ खड़ी है, भाजपा
० छत्तीसगढ़ में भाजपा शासन काल में तेजी से विकास हुआ

बालोद (दावा)। बालोद के सरयू प्रसाद स्टेडियम में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बालोद पहुंचे. जहाँ उनका भव्य स्वागत किया गया। पश्चात सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया, मुझे याद है, कि जिस समय छत्तीसगढ़ राज्य और झारखंड राज्य बनाने की चर्चा चल रही थी, उस समय मैं परिवहन मंत्री था, राज्य के बारे में चर्चा चल रही थी, लोग कह रहे थे कि, राज्य छोटा हो जाएगा, इन राज्यों का विकास कैसे होगा, संसाधन कहां से जुटाएंगे, लेकिन विभाजन होने के बाद डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद भाजपा की सरकार ने एक करिश्मा कर, तेजी से छत्तीसगढ़ का विकास किया।

लोग कहते हैं कि यह विकास भाजपा की सरकार ही आती है, तो क्यों होता है, हिंदुस्तान की यह ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जो राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं करती, बल्कि राजनीति देश बनाने के लिए करती है। आज आपसे हम वोट मांगने के लिए आए हैं, केवल हम सरकार बनाने के लिए नहीं आए हैं हम देश बनाने के लिए आपसे वोट मांगने आए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि उनके पास एक अद्भुत काल्पनिक क्षमता है,वे अपने लिए नहीं देश के लिए जी रहे हैं, आज पूरे विश्व में मोदी जी ने भारत देश का मान सम्मान बढ़ाया है। हम अंतर्राष्ट्रीय मंच पर जब हमें विचार रखने का अवसर आता है, तो हमारा सीना चौड़ा हो जाता है, हमें गर्व महसूस होता है, पहले भारत देश को एक गरीब देश कहा जाता था, आज हमारी आर्थिक व्यवस्था काफी मजबूत हुई है। विश्व में हमारी स्थिति बेहतर हुई है, हम 2014 के में 11वें स्थान पर थे, और आज दुनिया के पांचवें स्थान पर आ गए हैं, हमारी स्थिति पहले से बेहतर हुई है, भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के टॉप 3 में पहुंच चुकी है।

उन्होंने कहा कि पहले लोगों की धारणा थी कि, भारत एक गरीब देश है, आज मोदी जी के नेतृत्व में देश की प्राण प्रतिष्ठा बड़ी है, आज अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हमें नेतृत्व करने का अवसर मिलता है, तो हमें गर्व होता है, कि भारत एक विकासशील देश में अग्रणी है। उन्होंने कहा की रक्षा मंत्री के नाते मैं कहना चाहूंगा कि, हमने भारत की सीमा में चौकसी बढ़ा दी है, भारतीय सीमा सुरक्षित है, और हमारे जवान देश की रक्षा में की जान लगाए कर जुटे हुए हैं। पुलवामा की घटना हो या सर्जिकल स्ट्राइक से दुनिया वह पड़ोसी देशों में एक सुरक्षित भारत का संदेश पहुंचा है,और हम सुरक्षित हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मोदी जी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का मान बढा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि सुरक्षा मामले में पहले गोला बारूद मिसाइल बाहर के देशों से मनाया जाता था, आज हम आत्मनिर्भर होकर 31 हजार करोड़ रुपए का गोला बारूद मिसाइल दूसरे देशों को भेजते हैं, हम रक्षा मामलों में आत्मनिर्भर हो गए हैं। कोरोना कार्यकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ही हमारी सरकार ने प्रत्येक गरीब परिवार के सदस्यों को 5 किलो राशन देने की योजना बनाई थी, और यह योजना आज भी जारी है, और आगामी 2029 तक हम प्रत्येक राशन मुहैया कराएंगे।

### मोदी जी की गारंटी और योजनाएं छत्तीसगढ़ के साथ पूरे देश में घर-घर तक पहुंच रही है - किरण सिंह देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि राजनीति के क्षेत्र में सरकारों का आना-जाना बना रहता है लेकिन पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस की कार्य करने की योजना से छत्तीसगढ़ को लूट, भ्रष्टाचार, अनाचार की सीमाएं लांग दी।

जनता ने बहुत विश्वास किया था 70 से भी ज्यादा विधायक चुन कर विधानसभा भेजा, लेकिन जिस तरीके से जनता के साथ कांग्रेस ने विश्वासघात किया। वही भाजपा की केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार की गारंटी और योजनाएं छत्तीसगढ़ के साथ पूरे देश में घर-घर तक पहुंच रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि अपना बहुमूल्य वोट भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में करें और भाजपा की एक मजबूत सरकार केंद्र में बने।

इस दौरान सभा को मंत्री केदार कश्यप, प्रेम प्रकाश पांडे, अजय चंद्राकर, कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग ने भी संबोधित किया। इस दौरान बालोद से जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, कांकेर लोकसभा संयोजक भारत मटियारा, सहसंयोजक यज्ञदत्त शर्मा, क्लस्टर सह प्रभारी यशवंत जैन, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, राकेश यादव, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, चमन देशमुख, देवेंद्र जायसवाल, देवेंद्र महाला, होरीलाल रोवटे, संध्या भारद्वाज, अनीता कुमेटि, प्रतिभा चौधरी, दीपा साहू, मीना सत्येंद्र साहू, ललित पीमन साहू, पुष्पेंद्र चंद्राकर, मोंटी यादव, प्रेमलता साहू, सुरेश निर्मलकर, प्रेम साहू, कौशल साहू, शाहिद खान, लेखराम साहू, अभिषेक शुक्ला, दिलीप शर्मा, मोहन जैन, कृतिका साहू, किशोरी साहू, ठाकुर रामचंद्राकार राजेश दसोड भी उपस्थित थे। उक्त समारोह का सफल संचालन क्लस्टर सह प्रभारी यशवंत जैन तथा आभार प्रदर्शन भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू ने किया।

# त्रस्त आमजनों ने स्टेट हाइवे किया जाम, रोड ठेकेदार के विरुद्ध बढ़ रहा आक्रोश

## रोड निर्माण में हो रही लापरवाही से रोज हो रहे सड़क हादसे



डोंगरगांव (दावा)। शहर में रोड चौड़ीकरण की मांग हुई थी ताकि राहगीरों और नगरवासियों को उचित यातायात व्यवस्था मिल सकें। लेकिन जब से रोड चौड़ीकरण का काम प्रारंभ हुआ है, तब से लेकर आज तक राहगीरों और नगरवासियों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शहरवासी धूल, गड्ढे और सड़क हादसों से आक्रोशित और भयभीत हैं। ज्ञात हो कि बीते शुक्रवार की शाम को लगातार 15 मिनट में 11 एक्सीडेंट के कारण अब राहगीर और शहारवासी दहशत में है। वहीं आक्रोशित नागरिकों ने शनिवार सुबह साढ़े 11 बजे स्टेट हाईवे को ब्लॉक कर दिया। उनकी मांग सिर्फ इतनी है कि रोड का निर्माण जल्द से जल्द और उचित व्यवस्था के साथ कराया जाए। ताकि राहगीरों को अनावश्यक परेशानी का सामना ना करना पड़े साथ ही उन्हें जान माल की हानि ना हो। आक्रोशित आमजनों में ज्यादातर वहीं पीड़ित लोग हैं जो सड़क हादसों के शिकार हुए हैं। नाराज नगरवासियों ने नगर के करियाटोला वार्ड में जाने वाले रास्ते सामने स्टेट हाईवे को जाम कर दिया। यह चक्काजाम करीब 2 घंटे तक जारी रहा। इस दौरान नागरिकों की सिर्फ यही मांग रही की रोड का निर्माण सही तरीके से किया जाए। इस दौरान जाम में फंसे स्कूल बस के बच्चों के लिए पार्षद सिद्धिक बडगूजर के द्वारा पानी और नाश्ते की व्यवस्था की और बस को रवाना कराया।

वहीं जाम में फंसे लोगों ने भी इस चक्काजाम का समर्थन किया और वह भी चाह रहे हैं कि रोड का निर्माण जल्दी और उचित तरीके से किया जाए। मामले को देखते हुए मौके पर नायब तहसीलदार श्री सिद्दीकी पहुंचे थे और उन्होंने चक्काजाम में बैठे नागरिकों से बात किया। मौके से सारी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी, जिसके बाद ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया। नायब तहसीलदार श्री सिद्दीकी के समझाइए के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया। इधर मौके पर ही पीडब्ल्यूडी के एसडीओ, इंजीनियर सहित संबंधित लोग पहुंचे और उन्होंने नागरिकों से बात की। इस मामले में आक्रोशित नगरवासियों को पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ हर्षद साहू ने पूर्ण आश्वासन दिया है कि रोड में उचित व्यवस्था ठेकेदार के द्वारा कराई जाएगी। जिसमें लाइट, संकेतक रेडियम लगाए जाएंगे ताकि आने वाले समय में अन्य दुर्घटनाएं ना हो। इसके साथ ही डामरीकरण का कार्य भी अति शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, जिसकी व्यवस्था कर ली गई है। वहीं शहर के अन्य हिस्सों में भी जिन स्थानों पर काफी समस्या उत्पन्न होती है उन स्थानों को भी विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार को दिखाया गया। जिसे अतिशीघ्र मरम्मत कर सूचना बोर्ड लगाने कहा गया है। ज्ञात हो कि बीते कुछ महीनो से लगातार सड़क हादसे बढ़ते जा रहे हैं इधर ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ रहा है। वहीं ठेकेदार के द्वारा मनमानी पूर्वक और लापरवाही से काम करने के कारण यह परेशानियां और बढ़ गई है। जिसके चलते आने जाने वाले यात्री व शहरवासी नेता ठेकेदार और संबंधित विभाग को कोस रहे हैं। इधर नगरवासियों की सहन सीमा भी अब समाप्त होते जा रही है।

> जिन स्थानों पर समस्या उन्हें चिन्हांकित कर उचित व्यस्था करने ठेकेदार को कहा गया है। लाइट, रेडियम, संकेतक सहित आवश्यक व्यवस्था के लिए कहा गया है। डामरीकरण कार्य भी अतिशीघ्र प्रारंभ होगा। ठेकेदार को लगातार वार्निंग दी जा रही है।
>
> -हर्षद साहू, एसडीओ पीडब्ल्यूडी

# आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संगीत नगरी खैरागढ़ आगमन



राजा फतेह सिंह खेल मैदान में होगी जंगी आमसभा, भाजपा ने 30 हजार भीड़ लाने का लक्ष्य

खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव की तिथि नजदीक आते ही प्रचार-प्रसार अभियान चरम पर है, दूसरे चरण के लिए शुक्रवार 26 अप्रैल को होना है मतदान, ऐसे में राष्ट्रीय नेताओं का छत्तीसगढ़ में लगातार दौरा हो रहा है, इसी क्रम में देश के गृहमंत्री अमित शाह राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ जिला मुख्यालय में रविवार 14 अप्रैल को राजा फतेह सिंह खेल मैदान में लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में प्रचार के लिए पहुंचने वाले हैं। जिसकी तैयारियां जोरों पर है, गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा के लिए तैयारी का जायजा लेने प्रदेश भाजपा के नेतागण खैरागढ़ स्थित राजा फतेह सिंह खेल मैदान पहुंचे। जहां उन्होंने फतेह मैदान पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिये। तैयारियों की स्थिति देखने खैरागढ़ पहुंचे क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत, संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, लोकसभा प्रभारी नारायण चंदेल व महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने तैयारियों का जायजा लेने के साथ ही खैरागढ़ के नेताओं से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी कोमल जंघेल एवं विक्रांत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, विधानसभा सहसंयोजक खम्मन ताम्रकार, टी.के.चंदेल, विकेश गुप्ता, रामाधार रजक, शशांक ताम्रकार, भावेश बैद, मंजीत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कल गोड़ समाज के नई कार्यकारिणी का गठन ग्राम झिटिया चिल्हाटी में

राजनांदगांव (दावा)। गोड़ समाज ब्लाक इकाई अंबागढ़ चौकी के नई कार्यकारिणी का गठन कल सोमवार 15 अप्रैल को अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम झिटिया चिल्हाटी में किया जाएगा। समाज प्रमुखों द्वारा समाज के सभी स्वजातीय जन बैगा, सिरहा, गायता, पटेल के साथ साथ अधिकारी, कर्मचारियों, महिलाओं, युवक, युवती सहित समाज के सभी वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नई कार्यकारिणी के गठन में अपनी अमूल्य सहभागिता प्रदान करने की अपील की है।

# महिला की टुकड़ों में मिली जली हुई लाश, बोरी में बंद लाश को देख मजदूरों के उड़े होश



पुलिस के आला अफसर मौके पर

बालोद (दावा)। चुनावी शोर के बीच हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। महिला की टुकड़ों में लाश मिली है। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन जिस हालत में लाश मिली है, उससे साफ है कि महिला की हत्या किसी अन्य जगह पर की गयी है, जबकि लाश को किसी अन्य जगह पर ठिकाने लगाया गया है। घटना बालोद के कोतवाली थाना इलाके के अमलीडीह गांव की गोंदली नाले की है।

महिला के साथ बेदर्दी का ये मामला उस वक्त सामने आया है, जब देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बालोद में थे। सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम थे, ऐसी स्थिति में महिला की टुकड़ों में लाश मिलना, पुलिस पर भी सवाल खड़े कर रहा है। फिलहाल घटना को लेकर महिला की पहचान करने में पुलिस जुटी हुई है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक गोंदली नाले में मनरेगा के तहत काम चल रहा था। नाले में सफाई का काम चल रहा था, इसी दौरान नाले के किनारे बोरे में भरी हुई महिला की लाश मिली। जली हुई लाश देखकर मजदूरों के होश फाख्ता हो गये। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गयी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी है। महिला के शरीर के कई टुकड़े में लाश को पुलिस ने फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है।

पुलिस टुकड़ों में मिली लाश की कड़ी को जोड़ने की कोशिश कर रही है। पुलिस जांच के जरिये ये भी पता लगाने की कोशिश कर रही है, टुकड़ों में मिली लाश एक ही महिला की है या फिर हत्या एक से ज्यादा की हुई है। फिलहाल पुलिस टीम, फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वाड की टीम लेकर मौके पर पहुंची हुई है। घटना के बाद पुलिस के बड़े अफसर भी मौके पर मौजूद हैं।

# दो आरोपियों से कुल 155 पौवा अंग्रेजी शराब जप्त





डोंगरगढ़ (दावा)। चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने से डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में एवं मेला में लगातार अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी कड़ी में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कोचियों पर कार्यवाही की गई।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में पुलिस की ओर से बताया गया कि धारा-34(2) आबकारी एक्ट 12 अप्रैल को रात्रि में बुधवारी पारा भारत चौक के पास आरोपी विनय मिश्रा पिता रमाकांत मिश्रा उम्र 24 साल निवासी दंतेश्वरी पारा वार्ड नं.-02 को अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक तलाश करते हुये पकड़ा गया। आरोपी के पास से दो सफेद रंग के बोरी में रखे कुल 105 पौवा जम्मू व्हीस्की अंग्रेजी शराब कुल मात्रा 18.900 बल्क लीटर किमती 13650 रू0 को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा-34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

अपराध क्र0-202/2024 धारा-34(2) आबकारी एक्ट 13 अप्रैल को ग्राम मेढ़ा बाजार चौक शंकर मंदिर के पास आरोपी सुरजभान नंदेश्वर उर्फ छोटू पिता पुनीत राम नंदेश्वर उम्र- 24 साल निवासी मेढ़ा तालाब के पास थाना डोंगरगढ़ को अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखे अत्यधिक मात्रा में शराब के साथ पकड़कर आरोपी के पास से एक हरा रंग के प्लास्टिक के बोरी में रखे कुल 50 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब कुल मात्रा 9.000 बल्क लीटर कीमत 6500 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। नाकाबंदी की कार्रवाई निरंतर जारी थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर, नाकाबंदी की कार्यवाही कर एवं होटल/ढाबा/लॉज चेककर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। अवैध गतिविधि होने पर उसमें वैधानिक कार्यवाही कर लगाम लगाया जा रहा है।


फार्मेट सी–1
(समाचार पत्र,टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम व पता : भूपेश कुमार बघेल, मानसरोवर आवासीय परिसर, भिलाई–03 जिला–दुर्ग (छ.ग.)
राजनैतिक दल का नाम : इण्डियन नेशनल कांग्रेस
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नाम : लोकसभा
*निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 06/राजनांदगांव

मैं **भूपेश कुमार बघेल** (अभ्यर्थी का नाम),उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/~~करती~~ हूं :

(क) लंबित अपराधिक मामले (03 प्रकरण)

| क.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| प्र.क्र. 01 | न्यायालय का नाम वर्तमान में निरंक (पुलिस थाना– ई.ओ.डब्ल्यू. रायपुर छ.ग.) | प्रकरण क्र. वर्तमान में निरंक (FIR No.- 06/2024 Date-04-03-2024) | लंबित | धारा– 120बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471, भा.द.वि.एवं धारा 7,11, भ्र.नि.अधिनियम (संशोधन) 2018 संक्षिप्त विवरण :– |

**मामलें का संक्षिप्त विवरण** :– प्रवर्तन निदेशालय के उपरोक्त प्रतिवेदन एवं साथ में संलग्न दस्तावेज, पूर्व में प्रेषित प्रतिवेदन क्र. ECIR/RPZO/10/2020/AD(MK) दि. 08.01.2024 व साथ में संलग्न दस्तावेज तथा प्रतिवेदन क्र. ECIR/RPZO/10/2022/AD(MK) दि. 30.01.2024 साथ में संलग्न प्रेविजनल अटैचमेंट आर्डर एवं अन्य दस्तावेजों के अध्ययन व परिशीलन के आधार पर पाया गया कि महादेव बुक ऐप के प्रमोटर श्री रवि उप्पल, श्री शुभम सोनी, श्री सौरभ चंद्राकर, श्री अनिल कुमार अग्रवाल के द्वारा विभिन्न लाईव गेम्स में अवैध शापिंग की गई । ऑनलाईन प्लेटफार्म के विकल्प के रूप में ऑनलाईन प्लेटफार्म का निर्माण कर वाट्सएप, फेसबुक, टेलीग्राम जैसे माध्यमों से विभिन्न वेबसाईटों के जरिये सट्टा खिलाए जाने लगा । इन प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग के लिए विभिन्न प्लेटफार्म तैयार कर पैनल ऑपरेटरों / ब्रांच संचालको के मध्यम से ऑनलाईन बेटिंग के आपराधिक कृत्य का संचालन किया गया । इस अवैध कमाई से लगभग 70 से 80 प्रतिशत राशि स्वयं रखकर शेश राशि पैलन ऑपरेटरों को प्रदान की गई । ऑनलाईन बैटिंग ऐप के संचालन से प्रमोटर्स एवं ऑनलाईन बैटिंग ऐप से जुडे पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स एवं उनके साथियों द्वारा वर्श 2020 में लॉकडाउन के बाद से ऑन लाईन सट्टा खिलाकर 450 करोड़ रू. मासिक की अवैध आय अर्जित की जा रही है ।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स एवं पैनल ऑपरेटर्स के द्वारा इस अवैध अर्जित आय के ट्रांजेक्शन के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक अकाउंट्स खोले गए तथा सैंकड़ों बैंक अकाउंट्स कमीशन के आधार पर लेकर सट्टा से प्राप्त राशि का संचालन किया गया महादेव बुक एप के प्रमोटर्स को पैनल ऑपरेटर्स द्वारा सट्टा की अवैध राशि विभिन्न बैंक अकाउन्ट के माध्यम से ट्रांसफर किया जाकर संयुक्त अरब अमीरात तक पहुंचाया गया है ।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन सट्टा से प्राप्त अवैध राशि से ऑनलाईन सट्टा के प्रमोशन के लिए सट्टे बाजी वेबसाईटों का विज्ञापन हेतु भारी मात्रा में नगद रकम खर्च की गयी। इस हेतु वार्शिक स्टार स्टैंडेड कार्यक्रम आयोजित किये जाते थे जिसमें शामिल मशहूर हस्तियों को सट्टेबाजी से प्राप्त अवैध राशि से भुगतान किया जाता था ।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग से प्राप्त अवैध राशि को भारी मात्रा में कई कंपनियों, शैल कंपनियों एवम शेयर मार्केट में निवेश किया गया है । इसी तरह इन प्रमोटर्स के द्वारा क्रिप्टो करेंसी में भी निवेश किया गया है । प्रवर्तन निदेशालय द्वारा महादेव ऑनलाईन बुक के साथ जुडे हरिशंकर तिबरेवाल के द्वारा इसी तरह का स्काई एक्सचेंज नामक बैटिंग प्लेटफार्म चालया जा रहा था जिसके पास से अवैध कमाई द्वारा अर्जित लगभग 580 करोड़ रू. की संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अटैच की गयी है।

महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाईन बैटिंग एप के इस आपराधिक कृत्य के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही को रोकने के लिए विभिन्न पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्त्यिों का संरक्षण प्राप्त किया गया , जिसके एवज में उन्हे नियमित तौर पर प्रोटेक्शन मनी के रूप में भारी राशि दी गयी । उक्त अवैध राशि की व्यवस्था एवं वितरण हेतु हवाला ऑपरेटरों का इस्तेमाल किया गया साथ ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अवैध प्रोटेक्शन मनी वितरण हेतु पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों का भी उपयोग किया गया । यह प्रोटेक्शन मनी की राशि हवाला ऑपरेटरों के माध्यम से राशि वितरण करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तक पहुंचती थी जिसे उनके द्वारा संबंधित पुलिस / प्रशासनिक अधिकारियों तथा प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों को वितरित की जाती थी । विभिन्न पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा अपने पद का दुरूपयोंग करते हुए प्रोटेक्शन मनी के रूप में अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करते हुए अवैध संपत्ति अर्जित की गयी है । प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कई अचल संपत्तियों का प्रोविजनल अटैचमेंट किया गया है ।

इस प्रकार महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा अपने सहयोगी पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स, पार्टनर्स, लोकसेवकों और अन्य लोगों के साथ मिलकर अपराधिक शडयंत्र करते हुए ऑनलाईन सट्टा एप के जरिए भारी मात्रा में अवैध आय अर्जित की गई । इस संपूर्ण आपराधिक कृत्य में शामिल लोगो के विरूद्ध प्रथम दृश्टया धारा 120बी, 34, 406, 420, 467, 468, 471 भा.द.वि. तथा धारा 7, 11 भ्रश्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित भ्र.नि. (संशोधन) अधिनियम 2018 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा ................ (वर्तमान में लागू नही) को विवचना हेतु सौंपा गया या क्षेत्राधिकार में दृश्टिगत थाना.............. (वर्तमान में लागू नही) जिला .........(वर्तमान में लागू नही) को स्थानांतरित किया गया, या दं.प्र.सं.की धारा ''ब'' के अंतर्गत की गई। अभियोगी / सूचनाकर्ता को प्र.सू.पढ़वाकर / पढ़कर सुनाया गया जिन्होने सही – सही अभिलिखित होना स्वीकार किया । इसकी एक प्रति सूचनाकर्ता को निः शुल्क प्रदाय की गयी।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्र.क्र. 02 | न्यायालय का नाम–अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तृतीय / एम.पी. /एम.एल.ए. कोर्ट गौतम बुद्ध नगर। ( पुलिस थाना – नोएडा, सेक्टर–49, कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर) | वर्तमान सम्मन दिनांक 06/12/2023 में वर्णित अनुसार वाद संख्या 16422/23, CCNo.-29/22 दर्शाया गया है । (FIR No.- 29/2022 DATE – 16-01-2022) | लंबित | धारा– 188, 269, 270 भा.द.वि. एवं धारा – 03 महामारी अधिनियम 1897 संक्षिप्त विवरण :– |

मामलें का संक्षिप्त विवरण :– कार्यालय रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 गौतम बुद्ध नगर पत्रोंक 37/एसटी–एसडीएम विधान सभा निर्वाचन 2022 दिनांक 16.01.2022 प्रभारी निरीक्षक थाना सेक्टर 113 नोएडा आप को अवगत ही है कि, मा. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी की चुकी है जिसके अनुसार जनपद गौतम बुद्ध नगर में आदर्श आचार संहिता लागू है । आज दिनांक–16.01.2022 को मा. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थनों पर 05 व्यक्तियों से अधिक व्यक्तियों को साथ लेकर लोगो के घर–घर जाकर कांग्रेस का प्रचार किया जा रहा है एवं कोविड नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है । अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप तत्काल मा. भारत निर्वाचन आयोंग के अंतर्गत दिये गये निर्देशों के क्रम में आदर्श आचार संहिता एवं कोविड नियामों का उल्लंघन किये जाने के कारण संबंधित के विरूद्ध प्रथामिकी दर्ज कराते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करे । संलग्न उपरोक्तानुसार रिटर्निंग आफिसर / उप जिलाधिकारी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र । प्रतिलिपि 1–जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी महोदय गौतम बुद्ध नगर की सूचनार्थ प्रेशित, 2 – उप जिलाधिकारी निर्वाचन / उप जिलाधिकारी दादरी 61 नोएडा विधान सभा क्षेत्र नोट में हैं । कांस्टेबल क्र 921 ओंकार सिंह प्रमाणित करता हूँ कि नकल तहरीर कर कायमी मेरे द्वारा बोल–बोल कर कांस्टेबल क्र 384 आकाश कुमार से टाईप करायी गयी है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्र.क्र. 03 | विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट सी.बी.आई. रायपुर (पुलिस थाना–सी.बी.आई. /एस.सी.–II, नई दिल्ली) | प्र.क्र.–5465/18 FIR No.- RC 12 & 13 (S)/2017-SCUV/SC-II /CBI NEW DELHI DATE –12-12-2017 | लंबित | धारा– 120 बी/सह पठित 469, 471, भा.द.वि. एवं धारा–67 ए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम **संक्षिप्त विवरण :–** |

मामलें का संक्षिप्त विवरण :–एफ.आई.आर नं– आर.सी.नं.– 12 (एस) 2017 एस.सी.यू./एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन थाना पंडरी रायपुर में श्री प्रकाश बजाज के द्वारा लिखाई गई एफ.आई.आर. के आधार पर पंजीबद्ध किया गया है जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उन्हे किसी अश्लील व्हिडियो उसके आधिपत्य में होने के आधार पर किसी आका को बदनाम करने, उनके एवज में राशि मांगने की धमकी देकर ब्लेकमेल करने की शिकायत की गई है, इस शिकायत पर धारा 384 एवं 506 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध किया था । तथा एफ.आई.आर नं– आर.सी. नं.–13 (एस) 2017 एस.सी.यू./एस.सी.–II, सी.बी.आई. न्यू दिल्ली का पंजीयन सिविल लाईन थाना रायपुर में श्री राजेश मूणत के द्वारा दर्ज प्रथम सुचना पत्र क्रमांक–665/2017 दिनांक– 27/10/2017, धारा 67 ए, आई.टी.एक्ट के आधार पर पंजीबद्ध किया गया है, जिसमें श्री राजेश मूणत ने किसी अश्लील व्हिडियों का प्रसारण मोबाईल एवं सोशल मिडिया के माध्यम से श्री भूपेश बघेल , विनोद वर्मा, आदि के द्वारा किये जाने और उसके द्वारा श्री राजेश मूणत की राजनैतिक छबि को धुमिल किये जाने की शिकायत की गई । इन दोनो प्रकरण की जांच सी.बी.आई. ने एक साथ करके उपरोक्त आरोप पत्र प्रस्तुत किया है ।

(ख) अपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण

| क.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) की स्थिति | | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|---|
| निरंक | निरंक (लागू नही होता है) | निरंक (लागू नहीं होता है) | निरंक (लागू नहीं होता है) | निरंक (लागू नहीं होता है) |

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने की नागरिकों से चाय पर चर्चा

## कहा- आलू के रेट कम करने के लिए प्रधानमंत्री नहीं बने हैं नरेन्द्र मोदी

डोंगरगांव (दावा)। आसन्न लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार और फिर एक बार मोदी सरकार के नारे को चरितार्थ करने तथा भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भाजपा द्वारा पूरे लोकसभा क्षेत्र में चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता आम जनता से रूबरू हो रहे हैं और उन्हें भाजपा की रीति नीति से अवगत कराते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने हेतु प्रोत्साहित कर रहे हैं।




इसी तारतम्य में शुक्रवार की शाम मंडल भाजपा द्वारा देर शाम स्थानीय पुराना बस स्टैण्ड में चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, व्यापारी, रिटायर्ड कर्मचारी, डॉक्टर, अधिवक्ता सहित अन्य वर्ग के तथा मीडियाकर्मियों ने भागीदारी निभाई। इस दौरान डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बहुत ही बेबाकी से आमजनों के चुनिंदा सवालों के जवाब दिये तथा जिज्ञासाओं को शांत किया। श्री शर्मा ने कहा कि आज विपक्षी पार्टियां बढ़ती महंगाई को लेकर हो हल्ला मचाते रहती है, लेकिन सब जानते हैं कि पूरे देश ने नरेन्द्र मोदी को आलू के रेट कम करने के लिए प्रधानमंत्री नहीं बनाया है। कुछ ऊंचे उद्देश्यों को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री का दायित्व संभाला है, जिसको पिछले दस सालों में पूरे देश के लोगों ने देखा और समझा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री मोदी ने आजादी के बाद देश के मानबिन्दू के पुनर्स्थापन और विश्व में भारत की ताकत को बढ़ाने का जो कार्य किया, वह किसी से छिपा नहीं है। आज उन्हीं के कारण भारत के सामर्थ्य का डंका पूरे विश्व पटल पर बज रहा है। यही कारण है कि गुजरात के सीएम रहते जिस देश अमेरिका ने उन्हें वीजा देने से इंकार कर दिया था, उनके संसद में जब पीएम नरेन्द्र मोदी भाषण देते हैं, तो वहां के सांसद 18 बार उठकर अभिवादन करते हैं। वहीं अमरीका का राष्ट्रपति हमारे पीएम का आटोग्राफ मांगता है और उन्हें बॉस कहता है।

उन्होंने लोगों से आव्हान् किया कि यह चुनाव देश के भविष्य से जुड़ा हुआ और देश का चुनाव है। पिछले दस वर्षों में पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऐसे ऐसे काम हुये हैं जिसकी कल्पना पिछले 60 वर्षों में किसी ने नहीं की थी। उन्होंने धारा 370, तीन तलाक, राम मंदिर निर्माण, देश की सामरिक शक्तियों में बढ़ोतरी सहित अनेक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि देश का मुखिया आज देश की तरक्की और आप सबकी खुशहाली के लिए बिना थके 18-18 घंटे काम करते हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के कार्यकाल में हुए विकास कार्य सहित विविध जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी को हमने प्रदेश में पहले ही केबिनेट की बैठक में लागू किया।

श्री शर्मा ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की महिलाओं को 500 रूपये प्रतिमाह देने का वादा करने के बाद भी 5 साल कुछ नहीं दिया, वो अब एक लाख रू. देने का वादा कर रहे हैं। जनता सब जानती है और समझती है, क्योंकि सबको मालूम है कि केन्द्र में इनकी सरकार और राहुल गांधी पीएम बनने से रहे। ऐसे में उन्होंने लोगों को आगाह किया कि अपना वोट खराब न करें, अपने मतों का प्रयोग देशहित में करें।

### पूर्व सैनिक संतोष सागर शर्मा ने किया भाजपा प्रवेश

चाय पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान ही कभी बार्डर पर देश के लिए लड़ाई लड़ने वाले नगर के सेवानिवृत्त सैनिक संतोष सागर शर्मा ने भाजपा की रीति नीति, खासकर देशहित व हिन्दूत्व के मुद्दे पर साफगोई के चलते भाजपा ज्वाइन किया। उन्हें डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने भगवा दुपट्टा पहनाकर भाजपा में प्रवेश कराया। इस मौके पर लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक दिनेश गांधी, जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, स्वरूपचंद जैन, रामकिशन माहेश्वरी, मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, महामंत्री बालकृष्ण सिन्हा, संतोष यादव, धनराज ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, भाजयुमो अध्यक्ष प्रवेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# शिवशक्ति दुर्गा मंदिर में ज्योति कलश प्रज्वलित



छुईखदान (दावा)। चैत्र नवरात्रि पर्व 2024 राधापुर रोड़ शिवशक्ति दुर्गा मंदिर परिसर छुईखदान में ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। शिवशक्ति दुर्गा मंदिर पुजारी संतोष भाई ने जानकारी दी कि 13 अप्रैल शुक्रवार पंचमी को रानी मंदिर समिति के संरक्षक छुईखदान राजपरिवार के श्रीमती लतारानी लाल जे. के. वैष्णव ने माता जी की पंचमी तिथि पर विधि विधान से पूजा अर्चना की। छुईखदान शहर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर मां काली, मां शीतला, मां वैष्णो देवी पहाड़ों वाली बघरनपाठ, मां शक्ति, मां महामाया मंदिर कोडका में ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। शक्ति मंदिर पुजारी संतोष जंघेल ने बताया कि चैत्र नवरात्रि पर्व 2024 में जय बजरंग बली मानस मंडली जस गीत समिति एवं शिवशक्ति दुर्गा जसगीत समितियों द्वारा देवी साहू, दुर्गा साहु, किरण साहु, पंचम साहु, रवि साहु, प्रकाश साहु, रमेश निषाद, उदय देवांगन, अमीलाल, राघव महोबिया, पंडुप प्रेम चंद्राकर आदि के नेतृत्व में मंदिरों में जसभजन गीतों की प्रस्तुति दी गई। मंदिरों में प्रतिवर्षानुसार अष्टमी हवन-पूजन पश्चात विशाल भंडारा का आयोजन होगा।

वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे.के.वैष्णव ने रामनवमी उत्सव रानी मंदिर छुईखदान में मनाये जाने की जानकारी देते हुए भक्तों से बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील की। चैत्र मास में बारिश के कारण मौसम भी आध्यात्मिक पूजा पाठ, उत्सव हेतु अनुकूल रहेगा।

# रैम्प वाक में प्रियंका प्रथम

## प्री प्राइमरी के बच्चों की मॉम्स के लिए युगांतर का अभिनव आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी विभाग के बच्चों की मॉम्स के लिए दो दिवसीय फन फीस्टा का शानदार आयोजन प्रातः 9.30 बजे से हुआ। आज मॉम्स के लिए रैम्पवाक और पुल पार्टी का बृहद आयोजन सम्पन्न हुआ। इस आयोजन के लिए स्विमिंग पुल को सुव्यवस्थित रूप से सुसज्जित किया गया था।



इस बहुआयामी आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लेकर मॉम्स ने चार चाँद लगा दिया। सभी मॉम्स ने अपने बच्चों के साथ रैम्प वाक करके अपने सुन्दर मातृत्व की मधुरिमा बिखेरी। इस रैम्प वाक में प्रथम प्रियंका गोलछा, द्वितीय अपूर्वा जैन, तृतीय दिव्या भिमनानी रहीं, जबकि सांत्वना पुरस्कार हर्षा अग्रवाल, रश्मि बजाज रहीं। रैम्प वाक की निर्णायिका अंग्रेजी शिक्षिका दीपान्क्षा शर्मा तथा मधु ठाकुर रही। रैम्प वाक के शानदार आयोजन के बाद पुल पार्टी हुई। सुन्दर नृत्य और संगीत से परिपूर्ण इस आयोजन में विद्यालय की हिन्दी शिक्षिका परमजीत कौर तथा संगीत शिक्षिका आकांक्षा चतुर्वेदी ने कर्णप्रिय गीत प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी।

इसके अलावा मॉम्स ने खूबसूरत नृत्य करके आयोजन को यादगार बना दिया। इस दौरान प्रबन्धन द्वारा स्वरुचि भोज की व्यवस्था की गई थी, जिसमें स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ आइसक्रीम मेकिंग में निर्मित हुए आइसक्रीम के विविध फ्लेवर्स शामिल किए गए थे, जिसका सभी मॉम्स ने भरपूर लुत्फ उठाया। विद्यालय में दो दिवसीय फन फीस्टा का आयोजन सफलतापूर्वक संचालित करने में प्री प्राइमरी की कार्यक्रम प्रभारी शिक्षिका ओजस्वी यादव, सेजल शर्मा, मुस्कान साधवानी, अदिति चौरड़िया, ऋचा मेहरा, कनीज फातिमा, रजनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल को सुसज्जित करने में कला शिक्षक अजय चौरसिया, ज्ञानेश पटेल का अमूल्य योगदान रहा। इस आयोजन को योजनाबद्ध से संचालित करने की रूप रेखा बनाने में दीप्ति बिंदल पीजीटी कॉमर्स तथा ओजस्वी यादव सेक्शन इंचार्ज प्री प्राइमरी ने अहम भूमिका निभाई।

मॉम्स के लिए आयोजित नित नए प्रगति परक इन कार्यक्रमों की सफलता पर संस्था के प्राचार्य डॉ मधु पोनुगोटी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान, ह्यूमैनिटीज के विभागाध्यक्ष तरूण कुमार महापात्रा, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

# निगम आयुक्त आज सुबह पहुंचे स्टेशन पारा व गौरीनगर



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिदिन वार्ड भ्रमण की कडी में आज निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ वार्ड नं. 12 स्टेशन पारा तथा वार्ड नं. 13 गौरीनगर क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर स्कूलों में मतदान केन्द्र देख आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिये।

**० अधिकारियों के साथ साफ सफाई देख, आम्बेडकर जयंती में सामुचित साफ सफाई के दिये निर्देश,**

**० मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर पोलिंग बूथ के लिये करे आवश्यक व्यवस्था-आयुक्त**

स्टेशन पारा एवं गौरीनगर में साफ सफाई का जायजा लेकर हाजरी रजिस्टर की जॉच कर कहा कि बिना कारण कोई भी कर्मचारी अनुपस्थित न रहे तथा निर्धारित समय तक साफ सफाई करना सुनिश्चित करे।

उन्होंने कहा कि गलियों व सडकों की नियमित सफाई कर कचरा उठावे, अपने घरों के आस पास साफ सुथरा रखने घर में ही कचरा पृथककरण कर कचरा डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडी में डालने लोगों को समझाईस देवे, साथ ही पदयात्री मार्ग स्टेशनपारा रोड में प्रतिदिन समुचित साफ सफाई रखे। इसके अलावा आम्बेडकर मूर्ति व सामुदायिक भवन के आस पास साफ सफाई कर चुना लाईन डालने के निर्देश दिये। निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधोसंरचना मद अंतर्गत स्टेशन पारा शिक्षक नगर में चल रहे रमा बाई परिसर में आम्बेडकर सामुदायिक भवन निर्माण एवं नूरी मस्जिद गली गौरीनगर में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड व नाली निर्माण का जायजा लेकर कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने गौरीनगर स्कूल एवं बापू प्राथमिक शाला स्टेशन पारा में मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर शौचालय की साफ सफाई व पानी की व्यवस्था करने, पोलिंग बूथ के लिये आवश्यक व्यवस्था करने तथा केन्द्र क्रं. लिखाई कार्य पूर्ण करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके को दिये। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में पद यात्रियों के आने एवं आम्बेडकर जयंती को ध्यान में रखते हुये स्टेशन पारा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू व डागेश्वर कर्ष, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे, सहायक उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

# बागेश्वर धाम में महिलाओं बच्चों की धार्मिक प्रतियोगिताओं का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में नगर की मां बम्लेश्वरीदेवी संयुक्त पदयात्री सेवा समिति द्वारा नवरात्रि उपलक्ष्य में पदयात्रीयों व दर्शनार्थीयों की सेवा के साथ ही आज रविवार को दोपहर 3 बजे से संख्या 6.30 बजे तक महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठजनों की विभिन्न धार्मिक प्रतियोगिताएं सेवा समिति के पुरूष वर्ग अध्यक्ष संदेश जैन, महिला वर्ग अध्यक्ष श्रीमती मधु खंडेलवाल के मार्गदशन में रखी गई है, जिसकी जानकारी देते हुए सेवा समिति के सेवक, पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, योगेश साहू, सूरज गुप्ता, मनीष यादव, श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता ने बताया कि भजन गायन, गुड़ की ढेली में धार्मिक आकृति सजाओं, धार्मिक जोड़ी, फूल की माला बनाओं, एक मिनट, फलाहरी व्यंजन बनाओं, चम्मच दौड़, फूलों की रंगोली, धार्मिक प्रश्नोत्तरी, बच्चों के लिए धार्मिक वेशभूषा, रंग भरो, चित्रकला, श्लोक वाचन, चम्मच दौड़, एक मिनट, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिताएं रखी गई है। उक्त आयोजित की जा रही विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु मो.नं. 8319220082, 9179588808 से सम्पर्क कर या 2 बजे तक कार्यक्रम स्थल में नाम दर्ज करवाकर भाग लिया जा सकता है।

विजयी प्रतियोगितयों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जावेगा। आयोजित सभी धार्मिक प्रतियोगिताओं में माँ बम्लेश्वरी देवी पदयात्री सेवा समिति द्वारा नगर के सम्माननीय महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठजनों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है। साथ ही नागरिकों से प्रतियोगिता में दर्शक के रूप में भी शामिल होने की अपील की है। उक्त जानकारी समिति के संयोजक योगेश साहू, अजय गुप्ता ने दी।

# संत कंवर राम जयंती मनाई गई




राजनांदगांव (दावा)। संत कंवर राम साहेब की 139वीं जयंती महोत्सव के इस पावन अवसर पर आज 13 अप्रैल को नए बस स्टैंड मार्ग स्थित संत कंवर राम चौक पर मानवता के मसीहा संत कंवर राम साहिब की याद में 'कोहर' (उबले हुए चने) एवं शरबत का वितरण संत कंवर राम सेवा समिति, राजनांदगांव द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह ने उबले हुए स्वादिष्ट चने चबा कर एवं ठंडे शरबत का पान कर अपनी क्षुद्धा एवं प्यास को तृप्त किया।

संत कंवर राम सेवा मंडल के अध्यक्ष वासुदेव मोटलानी ने इस शुभ व पावन अवसर पर सभी नगरवासी एवं धर्म प्रेमी बंधुओं को ढ़ेरों बधाईयां व शुभकामनाएं दीं।

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को भव्य बाइक रैली



राजनांदगांव (दावा)। आज 14 अप्रैल को विश्वरत्न, भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती पूरे विश्व में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को राजनांदगांव शहर में बौद्ध कल्याण समिति के द्वारा भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौक से प्रारंभ होकर संपूर्ण शहर का भ्रमण करते हुए, सिविल लाईन स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर भवन भवन में समाप्त हुई। रैली में बड़े संख्या में अम्बेडकर अनुयाई उपस्थिति हुए।

## मतदाता जागरूकता के लिए शपथ दिलाई गई करेला में



डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम करेला में मनरेगा श्रमिकों को मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। मतदान के प्रति जन जागरूकता के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

# बेमौसम बारिश से पदयात्रियों की संख्या में गिरावट, पंचमी पर मां बम्लेश्वरी के दरबार में पहुंचे

राजनांदगांव (दावा)। चैत नवरात्रि पर्व की पंचमी तिथि से मातारानी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्तजन मंदिर देवालयों में पहुंचते है। मान्यता है कि पंचमी के दिन मातारानी का पंचमी श्रृंगार होने से देवी मां की ओज व सौंदर्य से द्विगुणित स्वरूप दर्शनीय हो उठता है। लेकिन इस बार बेमौसम बारिश होने से माता रानी के दर्शन के लिए आने वाले पदयात्रियों का उत्साह ठंडा हो गया है। हालांकि राजनांदगांव जिले के अंजोरा से लेकर सुकुलदैहान व डोंगरगढ़ तक 4 दर्जन के करीब सेवा पंडाल लगे हुए है लेकिन पदयात्रियों के अभाव से ज्यादातर पंडाल सूने नजर आ रहे है।






बेमौसम की बारिश पानी से मां बम्लेश्वरी के पदयात्रियों सहित सेवा पंडाल लगाने वालों के भी उत्साह में कमी आ गई है। जानने में आ रहा है कि शहर के जीई रोड स्थित बागेश्वर धाम व लक्ष्मी बाई कन्या शाला के सामने नगर निगम द्वारा लगाए गए सेवा पंडालों में पदयात्रियों को थोड़ी भीड़ दिखाई पड़ रही है। जबकि साफ मौसम में इन सेवा पंडालां में पदयात्रियों की भीड़ नजर आती थी। यहां पदयात्रियों के लिए नाश्ता चाय-पानी, फलाहार की व्यवस्था सहित उनके कुछ पल विश्राम के लिए पंखे-कुलर, गद्दे व चिकित्सा व्यवस्था के इंतजामात रहते है। पंचमी पर उमड़ी भीड़ शनिवार 13 अप्रैल को पंचमी तिथि होने के कारण पानी के मौसम बनने के बावजूद मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए लगभग 5 लाख की संख्या में दर्शनार्थी पहुंचने की बात सामने आई। बारिश के बाद मौसम खुशनुमा होने के कारण पैदल दर्शनार्थियों की संख्या में थोड़ी बढ़ोतरी हुई।

भक्तजन दोपहिया, चार पहिया वाहनों के साथ-साथ ट्रेन सहित अन्य वाहनों से भी मातारानी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ पहुंच रहे है। पंचमी को संस्कारधानी नगरी के देवी मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ रही। देर रात तक माई के दरबार में श्रद्धालु मत्था टेक रहे है।

# निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का किया गया प्रथम परीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन द्वारा 12 अप्रैल को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का प्रथम परीक्षण किया गया।

व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत व्यय लेखा के प्रथम परीक्षण में निर्वाचन लड़ने वाले कुल 15 अभ्यर्थियों में से 13 उपस्थित एवं 2 अनुपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी अनुसार अनुपस्थित बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी देवलाल सिन्हा (सोनवंशी) एवं निर्दलीय अभ्यर्थी भुवन साहू को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

भाजपा के अभ्यर्थी संतोष पाण्डेय को अभ्यर्थी के व्यय लेखा व छाया प्रेषण रजिस्टर के अनुसार व्यय में अंतर के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नोटिस जारी किया गया है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत व्यय लेखा के प्रथम परीक्षण के अनुसार इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी भूपेश बघेल का 9 लाख 27 हजार रूपए, भाजपा के अभ्यर्थी 13 लाख 92 हजार रूपए, शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी नारद प्रसाद निषाद का 25 हजार रूपए, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रमेश राजपुत का 25 हजार रूपए, न्याय धर्म सभा के अभ्यर्थी रामफल पाटिल का 12 हजार 500 रूपए, हमर राज पार्टी के अभ्यर्थी श्रीमती ललिता कंवर का 32 हजार 675 रूपए, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी लाखन सिंह टंडन का 12 हजार 500 रूपए तथा निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली का 25 हजार रूपए, त्रिवेणी पडोती का 12 हजार 712 रूपए, इंजि. बसंत कुमार मेश्राम का 50 हजार 354 रूपए, विशेष धमगाये का 12 हजार 500 रूपए, ए.एच. सिद्दीकी का 25 हजार रूपए, सुखदेव सिन्हा का 25 हजार रूपए अब तक व्यय हुआ है। इस दौरान सहायक व्यय प्रेक्षक टेकेन्द्र भट्ट एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जीत की राह पर लौटी राजस्थान, पंजाब को तीन विकेट से हराया, दर्ज की सीजन की पांचवीं जीत



मोहाली। आईपीएल 2024 का 27वां मुकाबला शनिवार को राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में राजस्थान ने पंजाब को तीन विकेट से हराकर जीत की राह पर वापसी की। सीजन की पांचवीं जीत के साथ टीम अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर बनी है। वहीं, पंजाब किंग्स चार अंकों के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गई है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने आशुतोष शर्मा की 31 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 147 रन बनाए। इसके जवाब में राजस्थान ने एक गेंद के शेष रहते हुए सात विकेट खोकर 152 रन बनाए और तीन विकेट से मैच अपने नाम कर लिया।

### आखिरी ओवर का रोमांच

पारी का 20वां ओवर रोमांच से भरपूर रहा। अर्शदीप सिंह के खिलाफ हेटमायर ने आक्रामक रुख अख्तियार किया। इस ओवर में राजस्थान को जीत के लिए छह गेंदों में 10 रन की जरूरत थी। पहली और दूसरी गेंद पर कोई रन नहीं आया। तीसरी गेंद पर हेटमायर ने जोरदार छक्का लगाया। अब टीम को जीत के लिए तीन गेंदों में चार रन की जरूरत थी। चौथी गेंद पर हेटमायर ने लॉन्ग ऑन की तरफ मारा और दो रन बटोरे। अब टीम को दो गेंदों पर दो रन की जरूरत थी। पांचवीं गेंद पर हेटमायर ने जोरदार छक्का मारा और मुकाबला राजस्थान की झोली में डाल दिया। इस दमदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत अच्छी हुई थी। यशस्वी जायसवाल (39) और तनुष कोटियन (24) के बीच पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी हुई। टीम को तीसरा झटका कप्तान संजू सैमसन के रूप में लगा जिन्हें कगिसो रबाडा ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह एक चौके और इतने ही छक्के की मदद से 18 रन बनाकर लौटे। इस मैच में रियान पराग ने 23, ध्रुव जुरेल ने छह, रोवमैन पॉवेल ने 11 और केशव महाराज ने एक रन बनाया। वहीं, शिमरोन हेटमायर 27 रन बनाकर नाबाद रहे। उनका साथ ट्रेंट बोल्ट ने दिया जो बिना खाता खोले नाबाद रहे। हेटमायर ने आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर मैच विनिंग सिक्स लगाया। पंजाब के लिए सैम करन और कगिसो रबाडा ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि अर्शदीप सिंह, लियाम लिविंगस्टोन और हर्षल पटेल को एक-एक सफलता मिली।

मुल्लनपुर में खेले गए मुकाबले में पंजाब के बल्लेबाजों को राजस्थान के खिलाफ संघर्ष करते देखा गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब की टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। अथर्व ताइडे और जॉनी बेयरस्टो के बीच पहले विकेट के लिए 27 रन की साझेदारी हुई। आवेश खान ने चौथे ओवर में अथर्व को शिकार बनाया। वह इस मैच में शिखर धवन की जगह खेलते नजर आए। टीम को दूसरा झटका 41 रन के स्कोर पर युजवेंद्र चहल ने दिया। स्टार स्पिनर ने प्रभसिमरन सिंह (10) को आउट किया। इसके बाद केशव महाराज ने जॉनी बेयकरस्टो को निशाना बनाया। उन्होंने आठवें ओवर की आखिरी गेंद पर पंजाब को तीसरा झटका दिया। बेयरस्टो 15 रन बनाकर लौटे।

इस मैच में सैम करन ने पांच और शशांक सिंह ने नौ रन बनाए। आवेश खान ने अच्छी फॉर्म में नजर आए जितेश शर्मा को 103 रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। वह एक चौके और दो छक्कों की मदद से 29 रन बनाने में कामयाब हुए।

# जोशीलमती में मनाया गया कर्मा जयंती



डोंगरगांव(दावा)। तहसील साहू संघ छुरिया के अधीन नवगठित परिक्षेत्र जोशीलमती में साहू समाज के अधिस्ठात्री देवी भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाया गया।सर्वप्रथम ग्राम की महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो ग्राम के प्रमुख मार्गो से होते हुए सभा स्थल कर्मा मंदिर में सभा के रूप में परिणित हुई। जहां समाज के प्रतीक ध्वज का ध्वजारोहण तहसील साहू संघ छुरिया के अध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद साहू के द्वारा किया गया। तत्पश्चात, भक्तमाता कर्मा की पूजा अर्चना किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुनेश्वर प्रसाद साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ छुरिया व अध्यक्षता ज्ञानचंद साहू सचिव विशेष अतिथि देवेंद्र साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष कुमर्दा, नलेंद्र कुमार साहू बदरटोला, भारत साहू गेंदाटोला, भुनेश्वरी साहू जनपद सदस्य छुरिया, तिलोचन साहू जोशीलमती, खेमलाल साहू ग्राम पटेल के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। भक्तमाता कर्मा के आदर्शो को हमे अपने जीवन मे उतारने से ही भक्ति शक्ति और मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। जिस प्रकार कर्मा माता ने अपने त्याग तपस्या से भगवान जगन्नाथ को पहली भोज खिचड़ी का भोग लगाकर साहू समाज को गौरान्वित किया है। वैसे ही हमे भी समाज के हित में कार्य करना चाहिए। उक्त उदगार मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में व्यक्त किये और नवगठित परिक्षेत्रीय साहू संघ जोशीलमती के नवीन अध्यक्ष तिलोचन साहू को नियुक्ति पत्र सौंपा।

मनोनीत अध्यक्ष द्वारा समाज हित मे कार्य करने की विश्वास उपस्थित समुदाय को दिए।अंत मे सभी अतिथियों को कर्मा गमछा व श्रीफल देकर समानित किया गया साथ ही भोजन भंडारा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दीनदयाल साहू परिक्षेत्र कलड़बरी, कृष्णा साहू, चन्द्रकान्त साहू, धनेश साहू, दूधनाथ साहू, तहलुराम साहू, खेमलाल साहू, घनस्याम साहू, नारायन साहू, हीरेन्द्र साहू, रेवाराम, राजेश साहू, ताम्रध्वज साहू समेत सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# भक्त माता कर्मा शक्ति एवं भक्ति का प्रतीक- दीनदयाल साहू




राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों तुमड़ीकसा में ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई जो रावुत नाच के साथ गली भ्रमण करते हुए दुर्गा मंच पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपीराम आंधियां सरपंच ग्रामपंचायत राना मटिया, भगवताचार्य पं मनोज पाण्डेय, अध्यक्षता दीनदयाल (दीनू) साहू अध्यक्ष परीक्षेत्र साहू समाज कलडबरी, विशेष अतिथि भूपेन्द्र नायक जनपद सदस्य जनपद पंचायत छुरिया रामनारायण बेलसरिया, लक्ष्मण साहू, लीलाराम उपस्थित थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीनदयाल साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा जी का प्रेरणादीप रूपी जीवन सदैव दयालुता, सेवा और परोपकार कि राह को प्रकाशित करता है। माता कर्मा के त्याग, तपस्या, और बलिदान को आत्मसात कर मर्यादित जीवन जीने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा शक्ति एवं भक्ति की प्रतीक है। आजीवन शोषित पीड़ति एवं असहाय लोगों के हित के लिए कार्य करती रही। भगवान श्री कृष्ण के अनन्य भक्त माता कर्मा को साक्षात भगवान श्री कृष्ण ने दर्शन दिए जो उनकी भक्ति की शक्ति को प्रदर्शित करता है।

भगवताचार्य पं मनोज पाण्डेय ने भी भक्त माता कर्मा कि जीवनी को विस्तार पूर्वक बताया गया। रात्रि में रामायण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भीषम राना, प्रभुनाथ बेलसरिया, पुरन पिस्दा, निजाम करभाल पंच, लक्ष्मी सहारे सुमित्रा, सेवती साहू, शशिकला पंच, कृष्णा साहू, डामन साहू, रामकुमार साहू, श्रवण साहू, डेमन साहू अश्वनी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## सहेली महिला संगठन की महिलाओं द्वारा न्यौता भोज का आयोजन



खुज्जी (दावा)। गत दिनांक 9 अप्रैल 2024 को शासकीय प्राथमिक शाला पांगरी कला संकुल साल्हे में ग्राम के सहेली महिला संगठन की महिलाओं के द्वारा न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समूह की महिलाओं द्वारा शाला के सभी बच्चों को खीर पुड़ी का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में शाला के सभी शिक्षकों के साथ साथ समूह के श्रीमती भुवनेश्वरी साहू, श्रीमती भावना साहू, किरण यादव, महेश्वरी साहू, हेमपुष्पा निषाद, किरण साहू एवं अन्य महिलाएं सम्मिलित हुई अंत में इस आयोजन के लिए संस्था के प्रधान पाठक श्री वैष्णव जी ने सभी को आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। यह जानकारी शाला के शिक्षक भूपेंद्र यादव ने दिया।

# संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ में स्टूडेंट फेकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला-राजनांदगांव में 6 अप्रैल, 8 अप्रैल एवं 9 अप्रैल तक एमओयू के तहत फेकल्टी एक्सचेंज के कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती पूजन एवं राजकीय गीत से किया गया, जिसमें अपोलो महाविद्यालय के बीएड व डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों व फेकल्टी संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आकर विभिन्न गतिविधियों का समापन किया, इसमें अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के द्वारा उद्बोधन किया गया। पाठ योजना पर प्रस्तुति दी गई एवं भौतिक शास्त्र, जीवविज्ञान कोशिका पर व्याख्यान दिया गया। तत्पश्चात अपोलो महाविद्यालय के बीएड व डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों व फेकल्टी के द्वारा योग एवं ध्यान व व्यक्तित्व विकास हेतु व्याख्यान दिया गया। अपोलो महाविद्यालय के फेकल्टी प्रशिक्षणार्थियों नें कैरिकूलम लैब, कम्प्यूटर लैब, साईको लैब, लैंग्वेज लैब आदि का निरीक्षण किया गया। दोनों महाविद्यालय के फेकल्टी अपना-अपना अनुभव साझा किया। संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर अतुल देशलहरा, ललित अग्रवाल ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। दोनों महाविद्यालय के शिक्षकगण कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में महाविद्यालय के संचालकों ने कार्यक्रम की सराहना की एवं सफल आयोजन हेतु बधाई दी गई।




# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर नि:शुल्क दंत परीक्षण शिविर में परीक्षण एवं परामर्श दिया गया




राजनांदगांव (दावा)। विकसित भारत अभियान, आईक्यूएसी प्रकोष्ठ और सुंदरा छत्तीसगढ़ डेंटल रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में एमओयू के अंतर्गत विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निःशुल्क दंत परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श शिविर किया गया। आज सबसे ज्यादा कैविटी, मसूड़े की बीमारी और मौखिक कैंसर युवाओं को प्रभावित कर रही है, इसलिए दंत परीक्षण शिविर आयोजित की गई।

प्रो. विजय मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने बताया कि दंत परीक्षण का उद्देश्य दंत संबंधी समस्याओं और लक्षणों को पता लगाना तथा उसे रोकने के प्रयास करना हैद्य चेकअप के दौरान घरेलू देखभाल, दांत की साफ सफाई और सूजन, घाव, दातों के सड़न जैसे गंभीर और महत्वपूर्ण सलाह डॉक्टरों द्वारा दी गई, ऐसी समस्या को जल्द से जल्द पहचान कर उसे दूर करने पर चर्चा किया गया। यूथ रेड क्रॉस प्रभारी धनंजय साहू ने कहा कि आज लगभग प्रत्येक व्यक्ति को दांत संबंधी समस्या है क्योंकि हम अपने व्यस्त दिनचर्या में पर्याप्त समय अपने आप को नहीं दे पाते, इस कारण से दांत संबंधी समस्या भी बढ़ रही है आज महाविद्यालय में छात्रों के परीक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि महाविद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी शिविर का आयोजन किया जाता है हेल्थ चैकअप के द्वारा ही आज दंत परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर शीविर लगाने का मकसद है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वास्थ्य पूर्ण शारीरिक मानसिक और सामाजिक कल्याण की स्थिति है ना कि केवल बीमारी या दुर्बलता की अनुपस्थिति और इसीलिए मौखिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर अनिवार्य हो जाता है, विद्यार्थियों का कार्य मस्तिष्क का होता है और रिसर्च बताता है कि मसूड़े की बीमारी और दांतों से होने वाला नुकसान मस्तिष्क के एक अहम हिस्से को प्रभावित करता है इसलिए आज यह शिविर आयोजित की गई है। महाविद्यालय के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं डॉ. मनीष जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि शिविर में उपस्थित सभी छात्रों के लिए यह परीक्षण शिविर महत्वपूर्ण है जिससे स्वास्थ्य की समस्या पता चल सकेगी और उसे समय रहते दूर कर पाएंगे। इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में स्वास्थ्यगत जागरूकता विकसित होगी। दंत परीक्षण शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी, यूथ रेड क्रॉस के छात्र, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा छत्तीसगढ़ डेंटल रिसर्च सेंटर सुंदरा के डॉ. सूरज मुल्तानी, अनिरुद्ध खेदुलकर, हितेश सचदेव सहित ट्रेनी डॉ. शिब्या सिंह, सृष्टि, सुधांशु जायसवाल, तनीषा, ताव्या, अलका कुमारी, साक्षी जैन, शंकर गुप्ता, शमीरा लामबत, खिलेश पटेल नोहर वैष्णव, उपस्थित रहे।

## सामान्य प्रेक्षक ने ली माइक्रो ऑब्जर्वर की बैठक

मोहला (दावा)। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 राजनांदगांव के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन एवं पुलिस प्रेक्षक योगेंद्र कुमार आज जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के दौरे पर रहे। उन्होंने यहां पहुंचकर जिले में निर्वाचन कार्य को संपन्न कराए जाने के लिए किए जा रहा है कार्रवाई की जानकारी ली। सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन ने सभी माइक्रो ऑब्जर्वर की बैठक लेकर निर्वाचन कार्य को संपन्न कराए जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य को सुचारु रुप से सम्पन्न कराने के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी भली-भांति दायित्व निर्वहन करते हुए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य को संपन्न कराये।

## सदगुरु कबीर के वाणी-वचनों को सुनने मनगटा मे उमड़े संतजन



टेड़ेसरा (दावा)। ग्राम मनगटा में दो दिवसीय संत समागम समारोह में प्रथम दिवस गुरु महिमा पाठ एवं निशान पूजा करते हुए सद्गुरु कबीर के आरती एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें दामाखेड़ा से पधारे राजू दास साहेब एवं हरीश दास साहेब के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आसपास से आए हुए भक्त जनों के द्वारा कार्यक्रम में शामिल हुए।

राजू दास साहेब एवं हरीश दास साहेब के द्वारा सद्गुरु कबीर साहेब के वाणी वचनों का रसपान संत जनों के द्वारा बड़ी बात संख्या में शामिल हुए। लगातार संतों का आना जाना लगा रहा। इस कार्यक्रम को लेकर ग्रामवासी एवं आमीन माता महिला मंडल के द्वारा लगातार संत जनों की सेवा में लगे हुए हैं। सद्गुरु कबीर साहेब के वाणी वचनों को सुनने के लिए दूर-दूर से ग्रामवासी एवं संतजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। इसी बीच परीक्षेत्रीय कबीरपंथी समाज टेड़ेसरा के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने पूरी श्रद्धा भाव के साथ डटे हुई है। सतगुरु के एक-एक वचनों को जीवन में उतार लिया तो भवसागर से उतारने का इससे कोई दूसरा रास्ता हो ही नहीं सकता। संतो के वचन कभी भी ग़लत रास्ता नहीं बता सकता। कार्यक्रम में शामिल हो अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## प्रथम पेज का शेष

***बस्तर में भाजपा पर जमकर बरसे राहुल गांधी.....***

लोगों के पास है। पीएम मोदी 24 घंटा इन 22-25 लोगों की मदद करते रहते हैं। अपने भाषण में राहुल गांधी ने बेरोजगारी के मुद्दे पर बीजेपी को घेरते हुए दावा किया कि अगर उनकी सरकार बनती है, तो हिंदुस्तान के बेरोज़गार युवाओं को सरकार ये अधिकार देगी कि एक साल के लिए निजी कंपनी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकारी कार्यालयों में एक साल की नौकरी मिलेगी। जिसमें उनका प्रशिक्षण होगा और 1 साल में उनके बैंक अकाउंट में 1 लाख रुपये दिए जाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि अगर उन्होंने अच्छा काम किया, तो उन्हीं संस्थाओं में उन्हें पक्की नौकरी मिलेगी। चुनावी सभा में राहुल गांधी ने बड़े उद्योगपतियों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री और बीजेपी पर जमकर हमला बोला। बस्तर में आयोजित चुनावी रैली में राहुल गांधी ने बस्तर के विकास के लिए लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा को वोट देने की अपील की।

वहीं चुनावी रैली में राहुल गांधी के साथ मौजूद छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट ने कहा बस्तर में कांग्रेस हमेशा से मज़बूत रही है। भाजपा के नेता 10 साल में क्या किये उस पर चर्चा नहीं कर रहे। उनका चुनाव प्रचार भी मुद्दों से हटकर धर्म, मंदिर-मस्जिद पर केंद्रित है। मंच से ही सचिन पायलट ने राहुल गांधी को छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि बस्तर में पहले चरण में होने वाले चुनाव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। 8 अप्रैल को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बस्तर में चुनावी रैली कर की थी। इसके बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज जहां दंतेवाड़ा में चुनावी सभा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में सभा ली। वहीं राहुल गांधी ने बस्तर में चुनावी रैली कर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया गया। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि कांग्रेस बस्तर की सीट को बचा पाने में कामयाब होती है, या फिर बीजेपी इस सीट पर जीत दर्ज कर अपना नया रिकार्ड बनाती है, ये तो आने वाला वक्त ही बतायेगा।

***'नूब' के जरिये पीएम मोदी का विपक्ष पर तंज...***

गेमिंग उद्योग को किसी विनियमन की आवश्यकता नहीं है। इसे मुक्त रहना चाहिए। तभी इसका विकास होगा। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक गेमिंग का आकार बहुत बढ़ा है। माना जाता है कि भारत में लगभग 45 करोड़ लोग गेमिंग करते हैं, जबकि 9-10 करोड़ लोग इसके लिए भुगतान भी करते हैं।

पीएम मोदी ने जताई सरकार की गंभीरता- हाल में सऊदी अरब ने 'ईगेमिंग वर्ल्ड कप' आयोजित करने की भी बात कही है। स्पष्ट है कि पीएम नहीं चाहते हैं कि भारत ऐसे उभरते क्षेत्र में पीछे रह जाए। जाहिर तौर पर प्रधानमंत्री ने जहां इस क्षेत्र को लेकर अभी से सरकार की गंभीरता जताई, वहीं राजनीतिक रूप से भी बहुत बड़ा संदेश दिया है। दो महीने पहले उन्होंने क्रिएटर्स अवार्ड से भी कई ऐसे लोगों को सम्मानित किया था जो अपने अपने क्षेत्र में इंफ्लुएंसर माने जाते हैं। क्रिएटर्स की तरह ही गेमर भी पूरी तरह प्रभावित होकर गए।

पीएम मोदी ने गेमरों से की ये अपील- लगातार विभिन्न क्षेत्र के लोगों से मिल रहे पीएम ने कुछ दिन पहले कुछ ऐसे कम्प्यूटर गेमरों से मुलाकात की जो इलेक्ट्रॉनिक गेम बनाते हैं। इन्होंने अपने लिए एक स्थान बनाया है। प्रधानमंत्री ने उनसे मुलाकात कर उन्हें ऐसे गेम बनाने के लिए प्रेरित किया जो जलवायु परिवर्तन जैसी वास्तविक समस्याओं को लेकर भी जागरूकता पैदा करे। गौरतलब है कि पहले भी उन्होंने गेमरों से भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखकर गेम बनाने की अपील की थी। मिलने वाले में नमन माथुर (मार्टल), अनिमेष अग्रवाल (ठग), अंशु बिष्ट (गेमफ्लीट), गणेश गंगाधर (एसकेरासी), तीर्थ मेहता (जीसीटीतीर्थ), पायल धरे (पायल गेमिंग) और मिथिलेश पाटनकर (मिथपैट) शामिल थे। प्रधानमंत्री ने कुछ देर के लिए उनके साथ गेमिंग पर भी हाथ आजमाया।

***कांग्रेस की नई सूची में 16 नाम....***

संजय टंडन से होगा, जो भाजपा के दिवंगत नेता बलरामजी दास टंडन के बेटे हैं। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की शनिवार शाम को यहां हुई बैठक में उम्मीदवारों की घोषणा की गई। पार्टी ने शिमला (सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के डी सुल्तानपुरी के बेटे विनोद सुल्तानपुरी को मैदान में उतारा। इसके बलावा गुजरात के उम्मीदवारों में मेहसाणा से रामजी ठाकोर (पालवी), अहमदाबाद पूर्व से हिम्मतसिंह पटेल, राजकोट से परेशभाई धनानी और नवसारी सीट से नैषध देसाई शामिल हैं।

ओडिशा में पार्टी ने क्योंझर (सुरक्षित) सीट से मोहन हेम्ब्रम, बालासोर से श्रीकांत कुमार जेना, भद्रक (सुरक्षित) सीट से अनंत प्रसाद सेठी, जाजपुर (सुरक्षित) सीट से आंचल दास, ढेंकनाल से सष्मिता बेहरा, केंद्रपाड़ा से सिद्धार्थ स्वरूप दास, जगतसिंहपुर (सुरक्षित) से रवीन्द्र कुमार सेठी, पुरी से सुचरिता मोहंती और भुवनेश्वर से यासिर नवाज को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, पार्टी ने हिमाचल की मंडी लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह को टिकट दिया है। विक्रमादित्य सिंह कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश इकाई की प्रमुख प्रतिभा सिंह के बेटे हैं।

***बीजेपी आज जारी करेगी संकल्प पत्र...***

यादव, उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, जुएल ओराम, रविशंकर प्रसाद, सुशील मोदी, विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, मनजिंदर सिंह सिरसा, ओ.पी. धनखड़, अनिल एंटनी और तारिक मंसूर को समिति में जगह मिली थी।

चुनाव घोषणा पत्र को लेकर भाजपा द्वारा चलाए गए देशव्यापी अभियान के बारे में बताते हुए पियूष गोयल ने कहा था कि लगभग 35 दिनों तक 916 वीडियो वैन ने देशभर में 3500 से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया। देश के 100 से ज्यादा शहरों में अलग-अलग समाज के वर्गों, व्यावसायिक, व्यापारिक एवं बुद्धिजीवी संगठनों के साथ सभाएं की गईं, मिस्ड कॉल अभियान चलाया गया और नमो एप के जरिए भी सुझाव लिए गए।

संकल्प पत्र में क्या-क्या?- सूत्रों के मुताबिक, भाजपा इस बार अपने चुनाव घोषणा पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के मुताबिक ज्ञान अर्थात जी.वाई.ए.एन. फॉर्मूले के तहत गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी (महिला) पर विशेष फोकस कर सकती है। पार्टी अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों को सामने रखते हुए तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को भी संकल्प पत्र में जगह दे सकती है।

पार्टी देश के सांस्कृतिक स्थलों से लेकर व्यापार, उद्योग, रक्षा, अंतरिक्ष और अर्थव्यवस्था सहित तमाम क्षेत्रों में हासिल की गई उपलब्धियों का जिक्र करते हुए संकल्प पत्र में भविष्य को लेकर कई महत्वपूर्ण वायदे करेगी। पार्टी अपने संकल्प पत्र के जरिए देश की जनता को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के लक्ष्यों और 2047 के विकसित भारत के रोड मैप के बारे में विस्तार से बताकर जनता से तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील करेगी।








































स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com